दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 17 नवंबर-2024 ● वर्ष : 9 अंक : 324 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# सीएम योगी का रोड-शो बन गया भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए बिग-शो

## विजय नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देखने के लिए उमड़ी हजारों की भीड़

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव से पूर्व भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के पक्ष में रोड- शो करने के लिए आए। रोड-शो में मुख्यमंत्री करीब 5:20 पर पहुंचे और पहले से तैयार रथ में सवार होकर उन्होंने लगभग चालीस मिनट के भीतर पूरा रोड शो किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रथ में सवार होकर निकले और मुख्यमंत्री के रोड-शो के दौरान उनका रथ जिधर भी मार्ग से गुजरा वहां योगी-मोदी जिंदाबाद, देखो देखो कौन आया और जय श्री राम के नारे लग रहे थे।

**जनता में दिखा रोड-शो को लेकर जोश**

लोगों ने छतों से लेकर भाजपा द्वारा बनाए गए विशेष मंचों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रथ पर सवार भाजपा नेताओं पर पुष्प वर्षा करते हुए रोड-शो को शानदार बनाने का काम किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाणक्य चौक से लेकर डीएवी स्कूल कट तक रोड-शो में भाग लिया और यहां से फिर वह दिल्ली के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री के रोड-शो को लेकर भारतीय जनता पार्टी के हजारों कार्यकर्ता उत्साह में नजर आ रहे थे। तो भारतीय जनता पार्टी के सांसद अतुल गर्ग, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री व विधायक साहिबाबाद सुनील शर्मा, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सत्येंद्र सिसोदिया और भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रथ पर सवार रहे, जो लोगों का अभिवादन कर रहे थे। सुरक्षा के लिहाज से मुख्यमंत्री के रोड-शो वाले पूरे इलाके को फुल प्रूफ बनाया गया था। साथ ही यहां ट्रिपल लेयर में सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया। मुख्यमंत्री का रोड-शो जिस भी मार्ग से गया वहां जमीन से लेकर बहुमंजिला इमारतों पर पुलिस के जवान और सुरक्षाकर्मी नजर आए। मुख्यमंत्री योगी गाजियाबाद में रोड शो के दौरान लगभग चालीस मिनट तक मौजूद रहे और पूरा माहौल योगीमय और भाजपामय में नजर आया।







मुख्यमंत्री योगी, सांसद अतुल गर्ग और भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा शुरू से लेकर अंत तक करते रहे जनता का अभिवादन

### पहली बार लाइन पार के विजयनगर में सीएम योगी ने किया रोड-शो

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश से लेकर अन्य प्रदेशों में लगातार रोड- शो करते हैं। उनके रोड-शो की खासियत होती है कि वह सीधे जनता से संपर्क करते हुए उनका अभिवादन करते हैं और वह भीड़ और माहौल को साधने के माहिर हो चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव से ठीक चार दिन पहले और मतदान के प्रचार की समाप्ति होने से दो दिन पहले जिस तरीके से लाइन पार के विजयनगर इलाके में रोड-शो को शानदार ढंग से आयोजित करते हुए भीड़ के जरिए संदेश देने का काम किया है, उससे विपक्षी खेमे की चिंता अवश्य बढ़ेगी।



### पोलिंग परसेंटेज की टेंशन हो गई रोड-शो की भीड़ से कम



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के मंत्रियों से लेकर विधायक, सांसद से लेकर प्रत्याशी और चुनाव में कमान संभालने वाले तमाम चेहरे बीते कुछ दिनों से गाजियाबाद में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के मतदान में वोटिंग परसेंटेज को लेकर चिंता में नजर आ रहे थे, लेकिन जिस तरीके से शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयनगर इलाके में रोड-शो का भव्य नजारा प्रस्तुत किया है उससे पोलिंग परसेंटेज की टेंशन थोड़ी कम हो गई है। वहीं इलाके में जुटी भीड़ ने बता दिया है कि उसकी अटेंशन भाजपा और योगी सरकार के साथ है।

### बिग-शो बन गया भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए रोड-शो ,मिली चुनावी ऑक्सीजन



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री के रोड-शो को लेकर खुद भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा इस कदर उत्साहित थे, कि वह रोड-शो के तय समय से कई घंटे पहले पहुंच गए। लोगों को बुलाने से लेकर भीड़ को अलग-अलग बॉक्स में जमा करने का काम किया जा रहा था। तो वहीं मुख्यमंत्री के रोड-शो के गुजरने से कुछ देर पहले ही भारतीय जनता पार्टी के तमाम शीर्ष नेताओं ने रोड-शो का खुद पैदल चलकर माहौल बना रखा था। चारों तरफ भारतीय जनता पार्टी के समर्थन वाले गीत और संगीत की धूम नजर आ रही थी। तो वहीं जिस तरीके से संजीव शर्मा शनिवार को ऊर्जा के साथ कभी सांसद से मुलाकात कर रहे थे, तो कभी वह मंत्रियों से भीड़ को लेकर मंत्रणा कर रहे थे। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के तमाम वरिष्ठ और प्रमुख नेता भी भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के समर्थन में आयोजित रोड-शो के दौरान प्रमुखता से मेहनत करते देखे गए हैं।



### भीड़ में नजर आ रहा था रोड-शो के प्रति जोश, हर उम्र के समर्थक मचा रहे थे शोर

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री के प्रस्तावित रोड-शो के दौरान लगभग दो दर्जन से अधिक अलग-अलग ब्लॉक बनाए गए थे। जिनमें बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ ही स्थानीय लोगों की भीड़ नजर आ रही थी। इस भीड़ के दौरान हर उम्र के लोग भी भारतीय जनता पार्टी का समर्थन और योगी आदित्यनाथ के नारे लगा रहे थे। जिस भी ब्लॉक में अयोध्या और भगवान राम को लाने वाले गीत बज रहे थे, वहां का माहौल खुद ब खुद बदलता नजर आता था। हर उम्र के लोग भारतीय जनता पार्टी का झंडा और सर पर टोपी लगाकर नाचते और जोश मनाते नजर आ रहे थे।

### स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने रोड-शो के प्रति दिखाए रुझान

करंट क्राइम :रोड-शो एक ऐसा माध्यम होता है, जिससे भीड़ अधिक आने से कई तरीके के संकेत जाते हैं। तो शनिवार को हुआ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड शो यह दर्शा रहा था। रोड-शो के दौरान बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग अपने-अपने अंदाज में थे। बच्चे जहां देशभक्ति में रंगे हुए नजर आ रहे थे। तो एक स्कूली बच्चों का ग्रुप अलग-अलग महापुरुषों की वेशभूषा धारण कर मुख्यमंत्री के रोड-शो में भाग लेने आया था। वहीं महिलाएं भी सर पर भगवा टोपी और हाथों में झंडा लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक झलक पाने के लिए बेताब नजर आ रही थीं।











### गीत संगीत, ढोल से लेकर पुष्प वर्षा भक्ति में गीतों ने बना दिया माहौल



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजयनगर इलाके में रोड- शो था। रोड-शो का रूट भले बहुत लंबा ना हो लेकिन जिस तरीके से लोगों में गीत, संगीत, ढोल पुष्प वर्षा के बीच रंग-बिरंगी लाइटों से सजे अलग-अलग बॉक्स बता रहे थे कि भारतीय जनता पार्टी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत की है। ना सिर्फ भीड़ जुटा गई बल्कि लोगों को भी उत्साहित किया गया ताकि वह अपने नेता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड-शो में शामिल हो और दिल से जुड़े।

### रथ पर योगी के साथ फ्रंट पर सांसद अतुल और प्रत्याशी संजीव शर्मा आए नजर



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री के रोड-शो में सबका फोकस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर था लेकिन उनके बराबर और बराबर में खड़े दो फेस ऐसे थे, जिनपर कैमरों से लेकर रोड- शो को देखने आई हजारों की भीड़ ध्यान दे रही थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रथ पर एक तरफ गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग मौजूद थे। तो दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजीव शर्मा नजर आ रहे थे। वहीं मुख्यमंत्री के ठीक पीछे उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा और उनके दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया व साथ उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप रोड-शो के द्वारा जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए आगे बढ़ रहे थे।



### रोड शो में सुनाई दी हुक्के के गुड़गुड़ाहट

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री के रोड-शो के दौरान जिस भी पूरे मार्ग से उनका रथ काफिले के रूप में सुरक्षा कर्मियों के आगे और पीछे घेरे से निकला, वहां लोगों ने रोड- शो का इंजॉय किया। सीएम योगी की एक झलक पाने के लिए लोग शाम 04 बजे से ही घरों के बाहर कुर्सी और बालकनियों में पहुंच गए थे। हर किसी की चाहत थी कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड-शो में एक झलक देख लें। कई लोग तो अपने घरों की तीसरी और चौथी मंजिल की छत पर भी मौजूद रहे और वहीं से मोबाइल के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड- शो के अलग-अलग पल कैद करने का काम कर रहे थे। इस दौरान रोड शो में जिधर भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सांसद अतुल गर्ग और भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा सर उठा कर देखे थे, लोग तीनों को नमस्कार और हाथ हिला कर अभिनंदन करते नजर आ आते। रोड शो के दौरान एक नजर ऐसा भी देखने को मिला जहां एक बुजुर्ग अपने घर के बाहर हुक्का गुड़गुड़ा रहे थे और नजर योगी आदित्यनाथ के रथ पर थीं।

### हर जाति और समाज का बना हुआ था अलग से मंच, सब लगा रहे थे योगी और मोदी के नारे

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड-शो लगभग 5 :30 बजे के आसपास शुरू हुआ और 6 :00 बजे के बाद यह समाप्त हुआ। रोड-शो में न सिर्फ पंजाबी समाज का प्रतिनिधित्व नजर आ रहा था। तो पूर्वांचल समाज से लेकर उत्तराखंड के लोग भी रोड-शो में अपने मंचों पर मौजूद रहे। वहीं पूर्वांचल समाज के लोग जहां योगी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे, तो उत्तराखंड समाज के लोग अपने लोकगीत के जरिए योगी का स्वागत करते देखे गए। इस दौरान पंजाबी समाज वाले ब्लॉक में जितने भी लोग मौजूद थे उन्होंने सर पर पगड़ी धारण की हुई थी और उत्तराखंड समाज के लोग अपनी उत्तराखंडी टोपी के साथ नजर आए। इस दौरान कई बॉक्स ऐसे भी देखे गए जिनमें कलाकार अलग माहौल बना रहे थे। सिख समाज के बॉक्स में पंजाबी ढोल की थाप की आवाज दूर तक सुनाई दे रही थी। तो सर पर टोपी और मूंछों पर ताव दिए सिख अलग ही माहौल बना रहे थे।







# पीएम मोदी बोले- जी20 में सार्थक चर्चा की उम्मीद नाइजीरिया के दोस्तों ने हिंदी में भेजा स्वागत संदेश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह ब्राजील होने वाले आगामी जी-20 शिखर सम्मेलन में सार्थक चर्चा की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में पिछले वर्ष भारत की मेजबानी में तय किए एजेंडे को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की पांच दिवसीय दौरे से पहले की। सबसे पहले वह नाइजीरिया पहुंचेंगे। उसके बाद ब्राजील जाएंगे।



पीएम मोदी ने कहा, ब्राजील में में 19वें जी-20 सम्मेलन में ट्रॉयका सदस्य के रूप में शामिल होउंगा। पिछले वर्ष भारत की मेजबानी ने जी-20 को जनता का जी-20 बना दिया और वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं को इसके एजेंडे में शामिल किया। इस सम्मेलन में पीएम मोदी के अलावा चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन भी हिस्सा लेंगे। सम्मेलन 18 और 19 नवंबर को रियो डि जनेरियो में होगा। भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जी-20 के ट्रॉयका सदस्य हैं।

**द्विपक्षीय सहयोग आगे बढ़ान पर चर्चा करेंगे पीएम :** उन्होंने कहा, इस साल ब्राजील, भारत की विरासत को आगे बढ़ा रहा है। मैं 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के दृष्टिकोण के अनुरूप सार्थक चचाओं की उम्मीद करता हूं। मैं अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा करूंगा। भारत की मेजबानी में पिछले साल अफ्रीकी संघ जी-20 का स्थायी सदस्य बना। यूक्रेन संकट पर गहरे मतदभेदों के बावजूद घोषणा जारी करना भारत की प्रमुख उपलब्धियों में से एक था।

**'नाइजीरियाई दोस्तों ने हिंदी में भेजा स्वागत संदेश' :** नाइजीरिया दौरे को लेकर पीएम ने कहा, 'यह यात्रा हमारी सामरिक साझेदारी को और मजबूत करने का एक अवसर होगा, जो लोकतंत्र और विविधता पर आधारित है।' यह पीएम मोदी की पहली नाइजीरिया यात्रा होगी, जहां वह 16-17 नवंबर तक रहेंगे। मोदी ने कहा, 'मैं भारतीय समुदाय और नाइजीरिया के दोस्तों से मिलने के लिए उत्सुक हूं, जिन्होंने मुझे हिंदी में गर्मजोशी भरा स्वागत संदेश भेजा है।'

**19-21 नवंबर तक गुयाना में रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी :** इसके अलावा, पीएम मोदी 19 से 21 नवंबर तक गुयाना में रहेंगे। यहां पचास वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री पहली यात्रा होगी। उन्होंने कहा, 'हम अपने अनूठे संबंधों को और मजबूत करने के लिए चर्चा करेंगे, जो साझा धरोहर, संस्कृति और मूल्यों पर आधारित हैं।'

**पीएम मोदी कैरिकॉम में भी भाग लेंगे :** प्रधानमंत्री ने कहा कि वह भारत-कैरिबाई समुदाय शिखर सम्मेलन (कैरिकॉम) में भी भाग लेंगे, जहां 15 कैरिबियाई देशों के नेता एकत्र होंगे। यह शिखर सम्मेलन दोनों पक्षों के बीच ऐतिहासिक संबंधों के नवीनीकरण और नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का एक अच्छा अवसर होगा।

मोदी ने एक्स पर कहा, अगले कुछ दिनों में मैं नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना में रहूंगा।

# नर्स ने माचिस की तीली जलाई और वार्ड में भभक पड़ी आग 4 साल से एक्सपायर पड़ा था आग बुझाने वाला सिलेंडर

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित लक्ष्मी बाई मेडिकल कालेज के ठक्कव वार्ड में देर रात हुए अग्निकांड में दस नवजात की हृदय विदारक मौत ने एक बार फिर लोगों के दिल दिमाग को थर्रा दिया। इस कांड ने गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कालेज की याद ताजा कर दी जब 2017 में ऑक्सीजन की कमी की वजह से 63 बच्चे काल कवलित हुए। जिसमें बताया गया था कि ऑक्सीजन सप्लायर ने अपने किसी निजी विवाद के कारण यह सप्लाई रोक दी थी। तब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही थे। उन्होंने तत्कालीन प्रभारी एक गैर हिन्दू चिकित्सक की हालत खस्ता कर दी थी। आज भी योगी ही मुख्यमंत्री हैं और ये हादसा हुआ है। क्या इसकी निष्पक्ष जांच होगी?



पहले कहा जा रहा था कि ये हादसा शार्ट सर्किट की वजह से हुआ। जबकि झांसी के चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट सचिन महोर का कहना है कि ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर में सबसे पहले आग लगी। वे यह मानते हैं कि ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर में हुए स्पार्क की वजह से आग लगी और भीषण विस्फोट हुआ। देखते ही देखते हॉस्पिटल के अन्य वार्ड आग के आगोश में आ गए। किंतु अग्निकांड के एक चश्मदीद भगवान दास के मुताबिक, बच्चों के वार्ड में एक ऑक्सीजन सिलेंडर के पाइप को लगाने के लिए नर्स ने माचिस की तीली जलाई। जैसे ही उसकी तीली जली पूरे वार्ड में आग लग गई। आग लगते ही भगवान दास ने अपने गले में पड़े कपड़े से 4 बच्चों को लपेटकर बचाया।

आग लगने से अस्पताल में अफरातफरी मच गई। परिजन और मरीज जान बचाने के लिए भागने लगे, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। कहा जाता है कि दस बारह के लगभग बच्चों को लोगों ने खिड़की तोड़ कर निकाला। हालांकि फायर ब्रिगेड की टीम ने डेढ़ घंटे के अंदर मौके पर पहुंचकर शेष बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे के समय ठक्कव में कुल 54 बच्चे भर्ती थे।

एक और प्रत्यक्षदर्शी कृपाल सिंह ने बताया कि रात करीब 10 बजे डॉक्टर ने बच्चों को फीड कराने के लिए आवाज लगाई थी। इस पर जैसे ही वो ठक्कव की तरफ गए तो देखा एक नर्स जलती हुई कुर्सी हाथ में लेकर चीखती हुई बाहर आई। उसके कपड़ों में भी आग लगी थी जिसको देख वह बिना सोचे-समझे वार्ड के अंदर दाखिल हो गए और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने की जुगत में जुट गए। लगता है, यह वही नर्स होगी जिसकी चर्चा भगवान दास ने भी किया है।

विचारणीय है कि इतने महत्वपूर्ण वार्ड में क्या एक ही नर्स थी? बाकी यदि होंगे भी तो बच्चों को छोड़ भाग खड़े हुए होंगे।

## न्यूज डायरी

### अपार जन समर्थन दे रहा संजीव शर्मा की जीत की गवाही



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** राजपूत कल्याण संघ के मंच पर शनिवार को उत्तर प्रदेश उपचुनाव में गाजियाबाद शहर सीट से भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के समर्थन में रोड शो के लिए आए मुख्यमंत्री योगी का नगर निगम पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने स्वागत किया। इस अपार जन समर्थन से ये पक्का हो गया है कि संजीव शर्मा की ऐतिहासिक विजय होगी।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल एलुमनाई सोसाइटी ने किया खेलों का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली पब्लिक स्कूल गाजियाबाद, एलुमिनाई स्टूडेंट्स एवं वर्तमान बास्केट बॉल टीम के बीच खेले गए मैच में एलुमिनाई स्टूडेंट ने वर्तमान टीम को 67=54 के स्कोर से पराजित किया। जिसमें मुख्य स्कोर शेखर त्यागी 35, कुणाल त्यागी 12, सूर्यांश शर्मा 12,केशव 8 रहा। मैच में विजय टीम के शेखर त्यागी को उत्कर्ष खिलाड़ी से सम्मानित किया गया। महिला वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल गाजियाबाद की वर्तमान टीम विजय रही। इस प्रकार के विभिन्न खेल एवं कल्चरल आयोजन दिल्ली पब्लिक स्कूल एलुमनाई सोसाइटी के अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल द्वारा हर वर्ष किए जाते हैं।

### गाजियाबाद में साधु के वेश में दंपती से ठगी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में सीएम योगी आदित्यनाथ के आने से पहले एलिवेटेड रोड पर बाइक सवार दंपती से ठगी की गई। घटना उस वक्त जब दंपती मेरठ से दिल्ली की तरफ जा रहा है। विवाहिता का कहना है कि साधु के वेश में आए ठग ने हम दोनों से पैसे और सोने की अंगूठी ठग ली।



एक किमी दूर चलने के बाद पता चला कि हमारी सोने की अंगूठी गायब है, वहीं पर्स में पैसे भी नहीं है। मेरठ निवासी काजल अपने पति नानू के साथ आज शनिवार दोपहर को मेरठ से जा रही थी। काजल ने बताया कि हमें दिल्ली में गाजीपुर जाना था। जब बाइक से गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन से निकल कर एलिवेटेड पर कुछ दूर चले तो आगे आ रहे साधु ने हमें रुकने का इशारा किया। साधु ने ने कहा कि हमें भिक्षा दे दो, तुम खुशी रहेगे। काजल ने बताया कि इस बीच मैने पर्स से निकालकर दस रुपये दे दिए। उसी समय साधु ने इन्हें सम्मोहित कर दिया। जहां काजल के हाथ से अंगूठी और नानू की जेब से 4600 रुपये निकाल लिए। पीड़ित समझ ही नहीं पाए कि हमारे साथ ठगी हो गई। एक किलोमीटर पैदल चले और अपनी जेब देखी तो सब कुछ गायब था। ठगी कैसे हुई इसकी भी जानकारी नहीं है।.काजल ने बताया कि ठग ने मेरे सिर के ऊपर हाथ फेरा था, रुद्राक्ष हाथ में ले रखा था। बस यह कहा था कि जाओ बेटा तुम खुश रहोगी। बाद में पुलिस पहुंची और घटना की जानकारी ली।

### घर का छत गिरने से 18 पशु दबे, एक युवक घायल

**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड़ के सिटी कोतवाली इलाके में एक मकान का छत अचानक भरभरा कर गिर गया। जिसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम रेस्क्यू करने में जुट गयी। इस दौरान एक घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं छत के मलबे 18 पशु दब गए। फिलहाल रेस्क्यू टीम बचाव कार्य में जुटी है।

घटना की सूचना पर मिलते ही एसडीएम अंकित वर्मा, सीएफओ मनु शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। इसके बाद टीम द्वारा रेस्क्यू कार्य शुरू किया गया। पशुओं की कीमत 20 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।एसडीएम अंकित वर्मा ने बताया कि अचानक मकान का छत गिर गया था। फिलहाल राहत बचाव कार्य जारी है।

# 'बंटेंगे नहीं तो कटेंगे नहीं नारों से लोगों को भड़काया नहीं जा सकता', राज बब्बर का भाजपा पर वार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को अब एक सप्ताह से भी कम समय शेष रह गया है। इस को लेकर राज्य में सियासी माहौल गरमाया हुआ है। कांग्रेस नेता राज बब्बर ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों को वोट जिहाद और बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों से भड़काया नहीं जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक हैं तो सेफ हैं वाले नारे पर भी कांग्रेस नेता ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें समझ आ गया है कि महाराष्ट्र के लोगों को कोई अलग नहीं कर सकता है।




प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राज बब्बर ने कहा, ₹महाराष्ट्र के लोग हमेशा से एक हैं। उन्हें वोट जिहाद और बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों से भड़काया नहीं जा सकता है। जब देश का कोई नागरिक रोजी-रोटी के लिए मुंबई आता है तो कोई उससे उसकी जाति या धर्म के बारे में नहीं पूछता है।₹

**विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस का भाजपा पर निशाना :** राज बब्बर ने बताया कि लोकसभा में भाजपा की सीटें कम करने में महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश ने अहम भूमिका निभाई। अजित पवार और अशोक चह्वाण का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि वोट जिहाद और बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों का विरोध उन लोगों ने भी किया जिन्होंने खुद को विपक्ष से अलग कर महायुति में शामिल हो गए थे। यहां तक कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को भी कहना पड़ा कि (उनके उत्तर प्रदेश समकक्ष) योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र का नहीं, बल्कि बांग्लादेश के विकास का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा नेता पंकजा मुंडे ने भी इसका विरोध करते हुए कहा कि यह महाराष्ट्र के खिलाफ है।

बता दें कि 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुनाव 20 नवंबर को एक ही चरण में होंगे, जबकि विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और अजीत पवार की एनसीपी से मिलकर बनी महायुति सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रही है, जबकि शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस की विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) इसे सत्ता से बेदखल करने के प्रयास में है।

## साहिबाबाद में दो युवक गिरफ्तार: दोस्त का मर्डर किया था, गर्लफ्रेंड को लेकर लड़ाई हुई थी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद इलाके में सड़क किनारे मिले शव की पहचान कर ली गई है। पुलिस में इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक एक आरोपी की प्रेमिका पर डोरे डालने को लेकर की हत्या की गई थी। प्रेमिका फिलहाल लापता है वही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



### कबाड़ का काम किया करता था

गाजियाबाद में डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि शुक्रवार को गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद क्षेत्र में सड़क किनारे करीब 50 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिला था। आसपास के लोगों से पहचान करने पर उसका नाम सरदार पता चला था। जो कबाड़ का काम किया करता था। पुलिस ने 24 घंटे बाद खुलासा किया है कि सरदार की हत्या की गई थी। चाकू से उसका गला काटा गया था। पुलिस ने इस मामले में सागर और हरिओम को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक सागर एक महिला को अपनी साथ रखता था। सरदार ने करीब 10 दिन पहले महिला से शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहा। जिस का सागर को पता चल गया। सागर ने इसका विरोध किया पर सरदार नहीं माना। बृहस्पति की रात को सागर हरि ओम और सरदार तीनों ने शराब पी और जैसे ही सरदार नशे में हुआ तभी दोनों ने उसका गला काट दिया।

## वह मोहन है, जरा सा मुस्कुरा कर लूट लेते हैं : भैया अमन रमन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** श्रीधाम वृंदावन में देव उठान एकादशी के उपलक्ष में भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परिक्रमा मार्ग में हनुमान बगीची में संपन्न हुआ। जनपद गाजियाबाद के मधुर भजन गायक बंधु भैया अमन रमन ने अपने चिर परिचित अंदाज में ब्रज भाव व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत में भैया अमन ने अपने गुरु ब्रह्मलीन विनोद अग्रवाल को श्रद्धांजलि देते हुए गुरु वंदना से प्रारंभ किया। वृंदावन धाम में वृंदावन धाम की महिमा का बखान करते हुए दूरदराज से आए सभी कृष्ण भक्तों को कृष्ण प्रेम में औत्प्रोत कर मंत्र मुक्त कर दिया। अमन भैया ने अपने प्रसिद्ध भजन फूलों में सज रहे हैं श्रीवृंदावन बिहारी, मैं नचना मोहन दे नाल आज मेनू नच लेन दे, वृंदावन धाम अपार बजे जा राधे राधे, समाये जा नैनन में गोवर्धन महाराज, मेरी लगी श्याम संग प्रीत ये दुनिया क्या जाने आदि अनेक भजनों की गंगा में सबको नाम संकीर्तन का स्नान कराया।

## अमरावती में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बैग की जांच, चुनाव आयोग के अधिकारियों की कार्रवाई




**अमरावती।** चुनाव आयोग के अधिकारियों की तरफ से लगातार महाराष्ट्र और झारखंड में कार्रवाई की जा रही है। इसमें तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं के बैग के साथ-साथ हेलीकॉप्टकर की भी जांच की जा रही है। इस कड़ी में शनिवार को महाराष्ट्र के अमरावती में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बैग की जांच की है। इससे पहले चुनाव आयोग की तरफ से शिवसेना यूबीटी, भाजपा नेताओं के भी बैग की जांच की है। लेकिन इसे लेकर तमाम विपक्षी दलों की तरफ से भाजपा पर निशाना साधा गया है।

**अमरावती में रैली करने पहुंचे थे कांग्रेस नेता :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर अमरावती में रैली करने पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर धामनगांव रेलवे के हेलीपैड पर उतरा। इसके बाद चुनाव अधिकारियों ने उनके बैग की जांच की। इसे लेकर राज्य की पूर्व मंत्री और कांग्रेस की टेओसा विधायक यशोमति ठाकुर ने चुनाव अधिकारियों से पूछा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह या मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बैग की जांच क्यों नहीं कर रहे हैं?

**कल राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को लेकर मचा बवाल :** एक दिन पहले झारखंड के दौरे पर रहे राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को उड़ान की अनुमति न मिलने पर खूब बवाल मचा था। जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी ने गोड्डा में एक जनसभा को संबोधित किया।

# 'समय बदल गया है, अब आतंकी अपने घरों में भी डरते हैं', प्रधानमंत्री मोदी का विपक्ष पर तंज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा है और कहा कि अब आतंकी अपने घरों में भी असुरक्षित महसूस करते हैं, जबकि पिछली सरकारों में आतंकवाद के चलते लोग असुरक्षित महसूस करते थे। एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने ये भी कहा कि पिछली सरकारों ने वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति की, लेकिन अब हम ये सुनिश्चित कर रहे हैं कि लोगों का विश्वास सरकार में बहाल हो।




### 'अब आतंकी अपने घरों में भी डरते हैं'

कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 'उन्होंने शनिवार को एक प्रदर्शनी के दौरान 26/11 के मुंबई हमले से जुड़ी रिपोर्ट्स को देखा। उस समय आतंकवाद लोगों को डराता था और लोग असुरक्षित महसूस करते थे, लेकिन अब समय बदल गया है और अब आतंकवादी ही अपने घरों में असुरक्षित महसूस करते हैं।'

### 'लोगों की आकांक्षाएं हमारी नीति का आधार'

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने वोटबैंक की राजनीति की, जबकि मौजूदा सरकार लोगों का विश्वास सरकार में बहाल करने की कोशिशों में जुटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का मंत्र जनता की सरकार, जनता के लिए है। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत अभूतपूर्व आकांक्षाओं से भरा हुआ है और हमने इन आकांक्षाओं को अपनी नीतियों का आधार बनाया है। हमने 10 वर्षों में बीते 70 साल से ज्यादा गैस कनेक्शन दिए हैं।

### देश का युवा जोखिम लेने के लिए तैयार

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद की सरकारें लोगों में उस उत्साह का संचार नहीं कर पाईं, जो जोखिम लेने के लिए जरूरी था। बीते 10 वर्षों में हमने देश के युवाओं में जोखिम लेने की क्षमता विकसित की है। इसी का नतीजा है कि देश में अब 1.25 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं और अब युवा देश को गौरवान्वित करने के लिए ललायित है। अपनी सरकार की स्वच्छता नीति की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि शौचालय निर्माण से न सिर्फ देश में स्वच्छता बढ़ी है बल्कि इससे बड़ी संख्या में रोजगार का निर्माण भी हुआ।

# दो बार नहीं चली पिस्तौल, बच गई टीएमसी नेता की जान हत्या की कोशिश नाकाम होने पर भागा बदमाश धराया

**कोलकाता।** कोलकाता के कस्बा इलाके में शुक्रवार की रात एक तृणमूल पार्षद की हत्या की कोशिश की गई, हालांकि मौके पर बदमाश की बंदूक खराब होने से उनकी जान बच गई। तृणमूल नेता के घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में हत्या की कोशिश की तस्वीर कैद हुई है।

**दो बार की फायर, नहीं चली एक भी गोली :** जानकारी के अनुसार, कोलकाता नगर निगम के वार्ड 108 की पार्षद सुशांता घोष अपने घर के सामने बैठी थी, तभी दो बदमाश स्कूटर पर आए। उनमें से एक ने अपनी बंदूक निकाली और उन्हें दो बार गोली मारने की कोशिश की। लेकिन बंदूक से कोई गोली नहीं चली। इसके बाद मौके पर बैठे कुछ लोग बदमाश पर टूट पड़े और उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। हालांकि इस दौरान उसने अपने सहयोगी के साथ स्कूटर पर भागने की कोशिश की, लेकिन फिसल गया। जिससे बदमाश को लोगों थोड़ी दूर दौड़ाकर पकड़ लिया गया और उसकी जमकर पिटाई की गई।

**बिहार से बुलाए गए थे बदमाश :** वहीं पिटाई के दौरान बदमाश ने बताया कि उसे इस वारदात के लिए कोई पैसा नहीं दिया गया। उसे बस एक फोटो दी गई और उसे मारने के लिए कहा गया। आखिर में पिटाई के बाद में बदमाश को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पार्षद की हत्या के लिए बिहार से शूटरों को भाड़े पर बुलाया गया था।



**स्थानीय सांसद और विधायक ने की पार्षद से मुलाकात :** पुलिस सूत्रों ने संदेह जताया कि हमले के पीछे स्थानीय रंजिश हो सकती है। हालांकि पार्षद ने कहा कि उन्हें इस बात का कोई अंदाजा नहीं है कि उनकी हत्या की योजना किसने बनाई होगी। उन्होंने कहा, मैं 12 साल से पार्षद हूं और मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझ पर हमला हो सकता है; वह भी तब जब मैं अपने इलाके में बैठा हूं। वहीं इस वारदात के बाद स्थानीय सांसद माला रॉय और विधायक जावेद खान ने टीएमसी पार्षद से भी मुलाकात की है।

**पुलिस ने टैक्सी चालक को भी गिरफ्तार किया :** कोलकाता पुलिस ने हमले के सिलसिले में एक टैक्सी चालक को गिरफ्तार किया है। अब गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या दो हो गई है। गिरफ्तारी तब हुई, जब टैक्सी चालक का नाम युवराज सिंह से पूछताछ के दौरान सामने आया। प्राथमिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार टैक्सी चालक अहमद ने गुरुवार रात युवराज और उसके सहयोगी इकबाल को हावड़ा स्टेशन से शहर के पोर्ट इलाके में पहुंचाया था। यहीं वे ठहरे थे।




# मुख्यमंत्री योगी के रोड-शो में उमड़ी भीड़ से मिले मतदान प्रतिशत बढ़ने के बड़े संकेत

## जनता के उत्साह को देखकर जोश में नजर आये भाजपाईयों के फेस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। चुनाव है तो जनसभाएं भी होंगी। चुनाव है तो डोर-टू-डोर जनसम्पर्क भी होगा और चुनाव है तो बड़े चेहरों का रोड-शो भी होगा। इसमें कोई शक नहीं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पब्लिक में अलग ही क्रेज है। वो आज के दौर की सियासत का यूपी में सबसे बड़ा टीआरपी वाला फेस है। लेकिन इस सत्य को भी नकारा नहीं जा सकता कि प्रचार से माहौल बनता है लेकिन चुनाव जीतने के लिए मतदान का होना जरूरी है। चुनाव है तो मतदान ज्यादा होना चाहिए, पक्ष में होना चाहिए। लेकिन चुनाव में मतदान को लेकर जनता का रूझान रैली और रोड शो में दिखाई दे जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गाजियाबाद आये और उनके रोड शो में जिस तरह से भीड आई, उस भीड ने ये संकेत दे दिये हैं कि मतदान को लेकर जनता जोश में है। चुनाव से चार दिन पहले हुआ मुख्यमंत्री का ये रोड शो भाजपा के लिए एक बड़ा माईल स्टोन बनेगा। जनता के बीच उत्साह है और बड़ी बात ये है कि ये उत्साह भीड का था और ये भीड बता रही थी कि वो चुनाव को लेकर उदासीन नहीं है। अब ये चार्जिंग चुनाव तक रहेगी और भाजपा को ये चाहिए भी। अंडर करंट यहां इस भीड के जोश को देखकर भाजपा को सियासी फायदा लेता दिख रहा है। रोड शो से चुनाव में करंट आया है। विजय नगर की जनता खासतौर से लाईन पार का पूरा इलाका इस रोड शो में दिखाई दिया। इस भीड ने भाजपाईयों के चेहरे पर भी मुस्कान ला दी है।



### बंटोंगे तो कटोगे वाले नारे के साथ नजर आया हर बिरादरी का रंग

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री का ये रोड शो 1200 मीटर का था और 1200 मीटर के इस रोड शो में योगी आदित्यनाथ रथ पर थे। पब्लिक के बीच बंटोंगे तो कटोगे का नारा गूंज रहा था। यहां एक भीड थी और इस भीड में बूढ़े, बच्चे, महिलाएं और नौजवान सब थे। ये भीड एक जाति की नहीं थी, इस भीड में सभी बिरादरियों का तड़का था।

### क्या भाजपा सही में अब मार्जिन की लड़ाई पर फोकस कर रही है

करंट क्राइम। चुनाव होना है और ये मतदान के दिन जनता बतायेगी कि वो किसके पक्ष में बटन दबायेगी। भाजपा अपने बूथ पर फोकस कर रही है। भाजपाईयों को देखें तो यहां ये लग रहा है कि वो चुनाव को विन मान रहे हैं और अब तो सारा मामला मार्जिन का चल रहा है। भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा पहले ही अपना मुकाबला बसपा से बता चुके हैं। माना ये जा रहा है कि भाजपाई ये मानकर चल रहे हैं कि चुनाव तो हम जीत चुके और अब सारा झगड़ा मार्जिन का है। भाजपा का रिकार्ड देखें तो वो इसी थीम पर अपनी टीम के साथ काम भी करती है। भाजपा की कार्यशैली देंखें तो वो चुनाव को लेकर अपना होमवर्क मजबूत रखती है। इसके बाद अब परीक्षा कठिन भी आ जाये तो वो आसानी से इसे पास कर लेती है। वर्ष 2017, 2022 और 2024 के नतीजे देखें तो यहां भाजपा किसी भी सीट पर कमजोर नहीं है। वो वोटों के मार्जिन में अन्य दलों से आगे चली है।

### क्या संजीव शर्मा ने मारा है सही मौके पर सही चुनावी चौका

करंट क्राइम। संजीव शर्मा उम्मीदवार हैं और वो महानगर अध्यक्ष भी हैं। चुनाव वो भले ही पहली बार लड़ रहे हैं लेकिन उनके नेतृत्व में सफलतापूर्वक कई चुनाव लड़वाये गये हैं। वो रणनीति के बादशाह कहे जाते हैं और जिस तरह से लाईन पार क्षेत्र में उन्होंने चुनाव से ठीक चार दिन पहले मुख्यमंत्री का कार्यक्रम लेकर उनका रोड शो कराया है। इसे सियासत में सही मौके पर सही चौका मारना कहते हैं। संजीव शर्मा ने सही समय चुना, सही स्थान चुना और सही मौका चुना। उन्होंनें मुख्यमंत्री के रोड शो कार्यक्रम से चुनावी मौके पर ये सही चौका मारा है।

# सीएम के रोड-शो में बेस्ट रहा पुलिस कमिश्नर का मैनेजमेंट



गाजियाबाद, करंट क्राइम : शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गाजियाबाद में रोड-शो हुआ। रोड-शो को सफल बनाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारी बाकायदा तीन दिनों से मेहनत कर रहे थे। यहां बड़ी संख्या में मुरादाबाद, मेरठ और सहारनपुर से पुलिस के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। तो पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के तीनों जोन में तैनात अनुभवी और जिम्मेदार अधिकारियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया। मुख्यमंत्री के रोड-शो से पहले खुद पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने सुरक्षा व बंदोबस्त की कमान संभाल ली थी। तो वहीं डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा, एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल, एसीपी अजय सिंह, एलआईयू से लेकर अन्य पुलिस फोर्स के प्रमुख अधिकारी मुख्यमंत्री के रोड-शो के दौरान कम से कदम मिलाकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले रहे।

### पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने सीएम को दिया सुरक्षा का घेरा



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे ही अपनी फ्लीट से उतरकर रथ पर सवार हुए तो गाजियाबाद में पुलिस की स्पेशल टीम जो सूट, बूट और पैंट शर्ट में सुरक्षा का इंतजाम संभालती है, वह अलर्ट हो गई और जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रथ आगे बढ़ा उसने रथ के आगे और पीछे सुरक्षा का घेरा बनाकर उन्हें सुरक्षा कवच के रूप में बनाया और पूरे रोड-शो के दौरान लगभग 50 से अधिक महिला-पुरुष पुलिसकर्मियों की यह टीम कदम से कदम मिलाकर चलती रही और सुरक्षा की कमान संभाले रही। इस दौरान बड़ी संख्या में सादे कपड़ों में भी पुलिस के अधिकारी और मुख्यमंत्री सुरक्षा से जुड़े फोर्स को अलर्ट मोड पर रखा गया। वहीं अंडर ट्रेनी पुलिस सब इंस्पेक्टरों की भी तैनाती देखने को मिली है।

### सड़क की सुरक्षा से लेकर रूफटॉप तक मुस्तैद रही पुलिस कमिश्नरेट



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बड़ी संख्या में आईपीएस अधिकारियों से लेकर पीपीएस और थ्री-स्टार से लेकर टू-स्टार लगाए गए थे। इसके साथ ही बड़ी संख्या में सिपाहियों को भी अलग-अलग ड्यूटियों पर तैनात किया गया था। वहीं जब मुख्यमंत्री का रोड-शो जिस मार्ग से निकल रहा था, वहां सड़क से लेकर बहुमंजिला इमारतों पर रूफ टॉप ड्यूटी लगाई गई थी। रूफटॉप ड्यूटी के दौरान भी बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनाती दी गई थी क्योंकि मुख्यमंत्री के रोड-शो का जितना स्थान था वह बहुमंजिली इमारतें थी और उन पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था।

### सफल रहा रूट डायवर्जन प्लान, नहीं लगा जाम



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री का रोड-शो था, रोड-शो को लेकर पहले ही विजयनगर और उस पूरे इलाके में लोगों के वाहन और भीड़ आ रही थी लेकिन रूट डायवर्जन का प्लान कई दिन पहले ही जारी कर दिया गया था। साथ ही खुद एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह व एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन और प्रमुख ट्रैफिक इंस्पेक्टर अपनी जिम्मेदारी को संभाल रहे थे, इसीलिए कार्यक्रम स्थल के आसपास बनाए गए पार्किंग पॉइंट्स के मार्ग पर जाम वाली स्थिति नहीं बनी और लोग आसानी से अपने गंतव्य आ जा सके। हालांकि मुख्यमंत्री के काफिला निकालने के दौरान लोगों को रोक दिया गया था, जिससे थोड़ी देर के लिए उनको परेशान होना पड़ा।

# अधिवक्ताओं की महापंचायत के बाद हुआ बड़ा फैसला

## सोमवार से शुरू होगा गाजियाबाद कचहरी में कामकाज





### - एक सप्ताह के लिए स्थगित की गई अधिवक्ताओं ने हड़ताल
### - 29 नवंबर को हाईकोर्ट का घेराव करेंगे प्रदेशभर के अधिवक्ता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद बार एसोसिएशन के बैनर तले प्रदेशभर में अधिवक्ताओं की जो हड़ताल चल रही थी, वह शनिवार को गाजियाबाद में हुई अधिवक्ताओं की महापंचायत के बाद स्थगित कर दी गई है। सोमवार से गाजियाबाद बार में अधिवक्ता कामकाज करेंगे, लेकिन जिला जज अनिल सिह का वह बहिष्कार जारी रखेंगे। शनिवार को गाजियाबाद में जिला मुख्यालय के बाहर धरना स्थल पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ ही पूर्वी उत्तर प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली के अधिवक्ताओं ने यहां शिरकत की और गाजियाबाद बार को समर्थन दिया है। वहीं गाजियाबाद बार एसोसिएशन ने घोषणा कर दी है कि अब 29 नवंबर को हाई कोर्ट में पूरे प्रदेशभर के अधिवक्ता घेराव करेंगे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा एवं सचिव अमित नेहरा ने कहा है कि जिला जज की कोर्ट का कार्य बहिष्कार जारी रहेगा जबकि अन्य कोर्ट में सोमवार से कामकाज शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि 29 अक्टूबर को गाजियाबाद कोर्ट में जिला जज के कोर्टरूम के भीतर अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ता बीते 18 दिनों से आंदोलन करते हुए हड़ताल पर थे।

### 40 से ज्यादा जनपदों के बार अध्यक्षों व सचिवों ने किया आंदोलन का समर्थन

करंट क्राइम : शनिवार को गाजियाबाद में अधिवक्ताओं का महासम्मेलन था। इस महासम्मेलन में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली के साथ ही यूपी के चालीस जिलों से अधिवक्ता पहुंचे थे। तो वहीं उत्तर प्रदेश के मेरठ, हापुड़, मुजफ्फरनगर, गोंडा, गौतमबुद्ध नगर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बांदा, अलीगढ़, आगरा, अमरोहा, बरेली, रामपुर, बागपत, शामली चंडीगढ़ के साथ ही गोरखपुर, इलाहाबाद व लखनऊ के अधिवक्ताओं ने वकीलों पर हुए लाठीचार्ज का विरोध करते हुए जिला जज को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। इसके साथ ही सभी ने समर्थन पत्र देते हुए पुलिस के लाठीचार्ज करने वाले दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए आवाज बुलंद की। इसके साथ ही अधिवक्ताओं ने घोषणा कर दी है कि 29 नवंबर को हाई कोर्ट का पूरे प्रदेशभर के वकील घेराव करेंगे।

### गाजियाबाद जिला जज की कोर्ट का कार्य बहिष्कार रहेगा जारी

करंट क्राइम :बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने लैटर जारी करते हुए जानकारी दी है कि जिला जज अनिल कुमार सिंह की कोर्ट का कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। उनके निलंबन और तबादला होने तक उनका विरोध करेंगे। उन्होंने कहा है कि जितने भी बार के अध्यक्ष और सचिव आए थे, सभी ने जिला जज के व्यवहार और पुलिस से कराई गई लाठीचार्ज का विरोध किया है। दोनों पर ही कार्रवाई की मांग बुलंद की गई है। उन्होंने कहा है कि अभी 24 नवंबर तक अधिवक्ता एक सप्ताह की हड़ताल को स्थगित कर रहे हैं, अगर मांगे नहीं मानी गई तो फिर आंदोलन को तेज किया जाएगा।

### बड़ी संख्या में जुटे अधिवक्ता, लगा था लांबा टेंट

करंट क्राइम : शनिवार को अधिवक्ताओं का महासम्मेलन था, वकीलों ने अपना विरोध दर्ज कराया और इसके लिए जिला मुख्यालय के धरना स्थल मार्ग पर लांबा टेंट लगाया गया। अधिवक्ताओं के महासम्मेलन की वजह से बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई थी। वहीं खुद एसीपी कवि नगर पुलिस बल और फोर्स के साथ अधिवक्ताओं का महासम्मेलन समाप्त होने तक मौजूद रहे।

# जब मेयर को नहीं मिला सीएम के रोड शो वाले रथ पर स्थान

## आ रही है ये आवाज, प्रेसनोट में नहीं देना चाहिए था मौजूदगी वाला नाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव का मौका और मुख्यमंत्री गाजियाबाद आये। मुख्यमंत्री के रोड शो में कई चेहरे मुख्यमंत्री के साथ रोड शो वाले रथ पर नजर आये। करंट क्राइम ने यहां पहले ही ये प्रकाशित किया था कि आठ नामों की लिस्ट गई है। इन आठ नामों में जनप्रतिनिधि हैं और संगठन पदाधिकारी भी हैं। लेकिन यह भी बता दिया था कि सुरक्षा प्रोटोकॉल के चलते नामों में कटौती हो सकती है। इसका कोई सियासी कनैक्शन नहीं है। ये केवल इलैक्शन के दौरान मुख्यमंत्री का सुरक्षा प्रोटोकॉल है। जब मुख्यमंत्री आये तो यही हुआ और यहां मेयर सुनीता दयाल को मुख्यमंत्री के रथ पर स्थान नहीं मिला। अब ये सुरक्षा प्रोटोकॉल है और इसमें कोई इफ एंड बट चलता भी नहीं है। लेकिन चर्चा तब हुई जब भाजपा का प्रेस नोट जारी हुआ और उसमें मुख्यमंत्री के साथ रथ पर मौजूद रहने वालों में मेयर का भी नाम था। आज के दौर में राजनीति के बड़े कार्यक्रम में बड़े चेहरों पर सबकी निगाह रहती है। ये सब ध्यान रहता है कि मंच पर किसे माईक मिला, किसे स्थान मिला। लेकिन भाजपा में चर्चा को स्थान तब मिला जब भाजपा का प्रेस नोट जारी हुआ। इस प्रेस नोट में मेयर का नाम था। जबकि भाजपाईयों को जुबान पर था कि मेयर को रथ पर स्थान नहीं मिला। मेयर ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का सम्मान किया और उन्होंने कोई चर्चा नहीं किया। लेकिन जब भाजपा का प्रेस नोट आया तो उस प्रेस नोट का अंदाज मेयर के समर्थक भाजपाईयों को पसंद नहीं आया। प्रेस नोट में सुनीता दयाल को रथ पर बताया गया, जबकि वो रथ पर नहीं थी। समर्थकों ने कहा कि अगर वो रथ पर नहीं थी तो प्रेस नोट में नाम नहीं देना चाहिए था। एक आवाज ये भी उठ रही है कि मेयर प्रथम नागरिक हैं और उनका भी एक प्रोटोकॉल होता है। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री की जनसभा में भी मेयर के नाम की कुर्सी नहीं थी। फिर चुनाव प्रभारी तथा सरकार में मंत्री बृजेश सिंह ने इस पर ध्यान दिया और फिर मंच पर प्रथम नागरिक की कुर्सी रखवाई गई। ये जो मिस्टेक हुई ये कई बार हो जाती है। क्योंकि बड़े कार्यक्रम में आमतौर पर कई बार प्रेस विज्ञप्ति पहले ही तैयार हो जाती है और हो सकता है कि यहां पर भी ऐसा हो गया हो। लेकिन भाजपा का एक वर्ग ये मानता है कि मेयर को भी सम्मान के साथ रथ पर स्थान मिलना चाहिए था। क्योंकि वो चुनाव प्रचार में पूरी तरह लगी हुई हैं। उनके नेतृत्व में ही निगम ने यहां मोर्चा संभाला। पथ प्रकाश से लेकर रोड डिवाईडर की पुताई तक सबकुछ चमकाया गया। बहरहाल प्रेस विज्ञप्ति का मामला भाजपा में ही गूंज रहा है। कहने वालों का ये कहना है कि प्रेस विज्ञप्ति भी कई बार उनको मौका दे देती है जो मौके पर नहीं होते और कई बार जो मौके पर होते हैं वो मौके से आउट हो जाते हैं।



### जब डोर बेल बजी और पूर्व मेयर अशु वर्मा रह गये हैरान

# अतुल गर्ग-संजीव शर्मा खड़े थे हैप्पी बर्थडे का करते हुए गान







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ये सियासी हलचल से अलग कुछ हलचल है। ये मित्रों की यारी है और ये एक अंदाज है जो सांसद अतुल गर्ग को अन्य नेताओं से अलग करता है। ये संजीव शर्मा हैं जो सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष का खिताब ऐसे ही नहीं लिए बैठे हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आये। उनका रोड शो था और उम्मीदवार से लेकर सांसद, विधायक सभी बेहद व्यस्त थे। पूरा संगठन रोड शो की व्यवस्थाओं को संभाल रहा था। खुद पूर्व मेयर अशु वर्मा रोड शो की तैयारियों में लगे थे। क्योंकि वो विधानसभा चुनाव के संयोजक भी हैं। लेकिन शनिवार को ही पूर्व मेयर अशु वर्मा का जन्मदिन भी था। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को ये जन्मदिन भी याद था और उन्हें ये भी पता था कि पूर्व मेयर तथा विधानसभा चुनाव संयोजक अशु वर्मा की पत्नी इन दिनों विदेश गई हुई हैं।

अब इसे अतुल गर्ग का अतुलनीय अंदाज कह सकते हैं। ये उनका याराना स्टाईल भी है और इसका एहसास उन्होंने पूर्व मेयर अशु वर्मा को सरप्राईज देकर करा दिया। इधर रोड शो से फ्री हुए और उधर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने विधानसभा उम्मीदवार तथा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को अपनी कार में बिठा लिया। रास्ते में केक खरीदा गया और फिर कार के ब्रेक विधानसभा चुनाव संयोजक पूर्व मेयर अशु वर्मा के घर के आगे लगे। डोर बेल बजी और जैसे ही पूर्व मेयर अशु वर्मा ने दरवाजा खोला तो वो हैरान रह गये। दरवाजे पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग खड़े थे। दरवाजे पर विधानसभा उम्मीदवार संजीव शर्मा थे, दरवाजे पर महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान थे। अतुल गर्ग के हाथों में केक था और मित्रों की ये टोली हैप्पी बर्थडे टू यू के गान के साथ मौजूद थी। ये सुखद सरप्राईज सांसद की ओर से था।

इसके बाद सभी ड्राईंग रूम में आ गये और अतुल गर्ग ने अशु वर्मा को केक खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। संजीव शर्मा ने पूर्व मेयर अशु वर्मा को हैप्पी बर्थडे के साथ लंबी आयु और यशस्वी जीवन की कामना की। पप्पू पहलवान ने बधाई दी और वास्तव में एक पहचान बतायी कि हम एक शहर के लोग हैं और हमें अपनी हर खुशी में, अपनों की हर खुशी में हर हाल में शामिल होना है। अपनों के लिए कोई प्रोटोकॉल नहीं होता। पूर्व मेयर अशु वर्मा के जन्मदिन की इस सरप्राईज पार्टी में करंट क्राइम भी वीडियो कॉल के जरिए शामिल हुआ। जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। सबसे बडी बात ये है कि सांसद अतुल गर्ग ने वास्तव में दिखा दिया कि क्यों उन्हें सरप्राईज मैन कहा जाता है और क्यों वो सियासत में लगातार सरप्राईज दे रहे हैं। चुनाव तो वो सबसे बड़ी संसद का जीत चुके और अब तो वो दिलों को जीत रहे हैं।

## संपादकीय

# शांति की पहल

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डॉनल्ड ट्रंप की जीत ने जिस एक सवाल की ओर सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है यूक्रेन युद्ध पर अब उनके देश का क्या रुख होगा। इस सवाल की अहमियत का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि यूक्रेन के आसपास के देशों में अभी से इसे लेकर हलचल दिखने लगी है। पोलैंड के प्रधानमंत्री जल्द ही इस संबंध में फ्रांसीसी राष्ट्रपति और ब्रिटिश प्रधानमंत्री के साथ ही नैटो प्रमुख से विचार–विमर्श करने वाले हैं।

इन संदेहों और आशंकाओं की जड़ में हैं ट्रंप के चुनाव से पहले दिए गए बयान, जिनमें न केवल 24 घंटे के अंदर रूस–यूक्रेन युद्ध रुकवाने का वादा किया गया था बल्कि युद्ध में यूक्रेन को दी जा रही बाइडन सरकार की मदद पर भी सवाल उठाए गए थे। ऐसे में कुछ हलकों में माना जा रहा है कि राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डॉनल्ड ट्रंप यूक्रेन को मिल रही मदद पर रोक न भी लगाएं तो उसे कम करने का फैसला तो कर ही सकते हैं।

हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर हुई बातचीत के दौरान ट्रंप ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वह रूस से जारी जंग में उनकी मदद करेंगे। लेकिन कूटनीतिक हलकों में इस आश्वासन को ज्यादा अहमियत इसलिए नहीं दी जा रही क्योंकि इसका असल में क्या मतलब है, यह स्पष्ट होना बाकी है। खुद जेलेंस्की ने भी ट्रंप से बातचीत के बाद कहा कि हमें सुनिश्चित करना होगा कि इस इंटरएक्शन के नतीजे प्रॉडक्टिव और पॉजिटिव हों।

इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाषण के दौरान ट्रंप को जीत की बधाई देते हुए उन्हें न केवल साहसी व्यक्ति बताया बल्कि यह भी कहा कि यूक्रेन युद्ध बंद करने में मदद की उनकी इच्छा गौर करने लायक है और वह ट्रंप से बातचीत के लिए तैयार हैं।

ऐसे में स्वाभाविक ही जहां यूक्रेन पर अमेरिका की ओर से किसी नई पहल या नए कदम की संभावना देखी जा रही है, वहीं यूरोपीय हलकों में इस आशंका को एक वास्तविकता के रूप में लेने की भावना मजबूत हो रही है कि उसे अपनी सुरक्षा से जुड़े मसलों को खुद ही देखना होगा। इस मामले में अमेरिकी मदद को तय मानकर नहीं चला जा सकता।

ऐसे में स्वाभाविक ही जहां यूक्रेन पर अमेरिका की ओर से किसी नई पहल या नए कदम की संभावना देखी जा रही है, वहीं यूरोपीय हलकों में इस आशंका को एक वास्तविकता के रूप में लेने की भावना मजबूत हो रही है कि उसे अपनी सुरक्षा से जुड़े मसलों को खुद ही देखना होगा। इस मामले में अमेरिकी मदद को तय मानकर नहीं चला जा सकता।


बहरहाल, इन तमाम चिंताओं के पीछे अभी ट्रंप के चुनावी बयानों से बनी धारणाएं ही हैं। पॉलिसी से जुड़े इन मसलों में दांव पर बहुत कुछ लगा है, इसलिए जल्दबाजी में किसी फैसले या बदलाव की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। देखना होगा कि प्रत्याशी ट्रंप के बयानों पर राष्ट्रपति ट्रंप का रुख कैसा होता है। साथ ही, अगर उनके प्रयासों से दुनिया में शांति कायम होती है तो भला उससे अच्छी बात क्या होगी।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भारत में लिथियम-आयन बैटरी की मांग 2030 तक 127 गीगावाट घंटा हो जाएगी



**नई दिल्ली, 16 नवंबर।** भारत ने 2030 तक अपनी प्राथमिक ऊर्जा आवश्यकता का 50 प्रतिशत अक्षय ऊर्जा से पूरा करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इसी के साथ देश में लिथियम-आयन बैटरी की मांग वित्त वर्ष 2027 तक 54 गीगावाट घंटे (जीडब्ल्यूएच) और वित्त वर्ष 2030 तक 127 गीगावाट घंटे तक तेजी से बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।

वर्तमान में, 15 गीगावाट घंटे की घरेलू लिथियम-आयन बैटरी भंडारण मांग लगभग पूरी तरह से लिथियम-आयन सेल और बैटरी के आयात से पूरी की जाती है। भारत अपनी लिथियम आयन बैटरी की जरूरत आयात से पूरी करता है। केयरएज रेटिंग्स को उम्मीद है कि देश की बैटरी को लेकर यह आयात जरूरत वित्त वर्ष 2027 तक घटकर 20 प्रतिशत रह जाएगी। हालांकि, लिथियम आयन बैटरी स्टोरेज के लिए बड़े पैमाने पर इंटीग्रेटेड कैपेसिटी पैदा करने की वजह से मांग में तेजी जारी रहेगी।

रिपोर्ट में बताया गया है कि मांग में वृद्धि मुख्य रूप से ईवी के प्रवेश में वृद्धि और बिजली ग्रिड के डीकाबोर्नाइजेशन से प्रेरित है, जिसे केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की महत्वाकांक्षी सरकारी लक्ष्यों और नीतियों/प्रोत्साहनों से समर्थन मिला है। सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण योजना (एफएएमई), बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के लिए वीडीएफ योजना पर ध्यान दे रही है, जिससे ईवी और बीईएसएस की लागत कम करने में मदद मिली है, जिससे मांग को बढ़ावा मिला है। केंद्र ने 2030 तक वार्षिक बिक्री के प्रतिशत के रूप में 30 प्रतिशत ईवी प्रवेश दर हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

भारत ने पहले ही पीएलआई योजना के तहत 40 गीगावाट घंटा इंटीग्रेटेड बैटरी कैपेसिटी आवंटित की है, शेष 10 गीगावाट घंटा जल्द ही आवंटित किए जाने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, भारत में मौजूदा पारंपरिक बैटरी निमार्ता और कुछ अन्य कंपनियों से योजना के बाहर बैटरी क्षमता स्थापित करने की उम्मीद है। केयरएज रेटिंग्स के निदेशक हार्दिक शाह ने कहा कि भारत में लिथियम-आयन बैटरी स्टोरेज की मांग में वृद्धि होने की उम्मीद है, जो मुख्य रूप से ईवी और रिन्यूएबल एनर्जी स्टोरेज से जुड़ी जरूरतों की ओर माइग्रेशन से जुड़ी है। इसके परिणामस्वरूप, भारत में गीगा-साइज इंटीग्रेटेड बैटरी कैपेसिटी आने के कारण, आयात पर भारत की निर्भरता वर्तमान में लगभग पूर्ण निर्भरता से वित्त वर्ष 27 तक तेजी से घटकर 20 प्रतिशत हो जाने की उम्मीद है।

# भारत के जेनेरिक फार्मेसी मॉडल की दुनिया में धूम, 10 से अधिक देश अपनाने को तैयार



**नई दिल्ली, 16 नवंबर।** दस से अधिक देश जनता को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत के जेनेरिक फामेर्सी मॉडल को अपनाने पर विचार कर रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। जुलाई में मॉरीशस अंतर्राष्ट्रीय जन औषधि केंद्र शुरू करने वाला पहला देश बन गया, जिससे उसे भारत के फार्मास्यूटिकल्स और मेडिकल डिवाइस ब्यूरो से लगभग 250 उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां प्राप्त करने में मदद मिली।

इसमें कार्डियोवैस्कुलर एनाल्जेसिक ऑप्थाल्मिक और एंटी एलर्जिक दवाएं शामिल हैं। नेपाल, श्रीलंका, भूटान, घाना, सूरीनाम, निकारागुआ, मोजाम्बिक, सोलोमन द्वीप और तालिबान शासित अफगानिस्तान भी जन औषधि केंद्र खोलने पर विचार कर रहे हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि बुर्किना फासो, फिजी द्वीप समूह, तथा सेंट किट्स एवं नेविस इस योजना को लागू करने में मदद के लिए सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) एक जन कल्याणकारी योजना है जिसे नवंबर 2008 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया था। जन औषधि केंद्रों के माध्यम से आम जनता को सस्ती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं।

# भारतीय स्पाइस मार्केट ने दर्ज की 8.8% की शानदार वृद्धि



**नई दिल्ली, 16 नवंबर।** भारत दुनिया के सबसे बड़े मसाला उत्पादक और निर्यातक देश के रूप में जाना जाता है। इसी के साथ देश 2030 तक भारत मसाला निर्यात के मूल्य को 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने की राह पर है।

वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही में भारत का मसाला निर्यात 17,488 करोड़ रुपये (2.09 बिलियन अमेरिकी डॉलर) पहुंच गया, जो कि सालाना आधार पर 1423 करोड़ रुपये की वृद्धि को दशार्ता है। पिछले वर्ष इसी अवधि में देश का मसाला निर्यात 16,065 करोड़ रुपये (1.95 बिलियन अमेरिकी डॉलर) था। वर्ल्ड स्पाइस ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएसओ) के अध्यक्ष रामकुमार मेनन के अनुसार, भारतीय मसाला निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 4.7 बिलियन अमरीकी डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## राशिफल

**मेष:** दूसरों के लिए बुरी नीयत रखना मानसिक तनाव को जन्म दे सकता है। ऐसे विचारों से बचें, क्योंकि ये समय की बबार्दी हैं और क्षमताओं को खत्म कर देते हैं।

**वृष:** आज आपका दिन बहुत ही शानदार रहेगा। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। इस दिन आप जो भी काम शुरू करेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी।

**मिथुन:** दिन आपके लिए बहुत सकारात्मक नहीं रहने वाला है। भविष्य की योजनाओं के लिए नए संपर्क बनाने होंगे। करियर की प्रगति में बहुत मददगार साबित होंगे।

**कर्क:** स्वास्थ्य के प्रति अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। आज सिर्फ बैठने के बजाय कुछ ऐसा करें जिससे आपकी आमदनी बढ़ सके।

**सिंह:** आज दिन ठीकठाक रहेगा। नया काम शुरू करने से पहले घर के बड़े बुजुर्गों की सलाह जरूर लें। पैसों के लेन–देन में सावधानी बरतने की जरूरत है।

**कन्या:** आज आप खूब पैसा कमा सकते हैं, लेकिन ऐसे मौकों को हाथ से जाने न दें। अपनी योजनाओं पर विश्वास करें। आज किसी से विवाद होने की संभावना है।

**तुला:** जीवन में बेहतरीन चीजों को महसूस करने के लिए अपने दिल और दिमाग के दरवाजे खोलें। चिंता को छोड़ना इसकी ओर पहला कदम है।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन सकारात्मक रहेगा। आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। नए बिजनेस के लिए घर में चर्चा कर सकते हैं।

**धनु:** सभी रुके हुए काम बहुत जल्द पूरे होंगे। आने वाला समय जीवन बदलने वाला साबित होगा, जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी।

**मकर:** आज का दिन ऐसी चीजों को खरीदने के लिए अच्छा है, जिनकी कीमत आगे चलकर बढ़ सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** जो लोग कोर्ट कचहरी के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। आज आपका नया काम आपको लाभ देगा।

**मीन:** आज का दिन कई मायनों में फायदेमंद रहेगा. आपके विचारों का सम्मान होगा। व्यापार में भी वृद्धि होगी। अचानक लाभ मिलने के योग हैं।

## चुटकुले

जब सिर की चोट लगने पर मंटू डॉक्टर के पास पहुंचा
डॉक्टर– ये कैसे हुआ?
मंटू– मैं ईंट से पत्थर तोड़ रहा था।
डॉक्टर– तो?
मंटू– एक आदमी ने मुझसे कहा– कभी दिमाग का इस्तेमाल भी कर लिया कर।
डॉक्टर हैरान!

---

शराब पीने पर पति का रोज होता था झगड़ा
एक दिन पति ने पत्नी को शराब चखाई।
पत्नी– यह तो बहुत कड़वी है।
पति– ...तो तुम क्या समझती थी कि मैं अय्याशी करता हूं.... जहर के घूंट पीता हूं, जहर के।

---

टीटू रोज स्कूल के लिए लेट हो जाता था,
एक दिन टीचर ने पूछा– तुम बाकी बच्चों के साथ क्यों नहीं आते?
टीटू– झुंड में तो गधे आते हैं मैम, शेर हमेशा अकेला ही आता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आइंस्टीन अपने विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा में असफल हो गये थे और उन्हें एक साल बाद फिर से आवेदन करना पड़ा।
- आइंस्टीन को सापेक्षता के लिए नोबेल पुरस्कार कभी नहीं मिला, बल्कि यह वास्तव में फोटोइलेक्ट्रिक प्रभाव के लिए मिला था।
- आइंस्टीन एक कम याद रखने के लिए प्रसिद्ध थे। वह नाम, तिथियां और फोन नंबर याद नहीं रख सकते थे।
- अल्बर्ट आइंस्टीन की आंखें न्यूयॉर्क शहर में आज भी एक सुरक्षित बॉक्स में राखी हुई हैं।
- अल्बर्ट आइंस्टीन की अपनी कोई कार नहीं थी और उन्होंने कभी नहीं सीखा कि कैसे ड्राइव करना है।
- अल्बर्ट आइंस्टीन मोजे पहनना पसंद नहीं करते थे। अल्बर्ट आइंस्टीन के मस्तिष्क में एक पेरिएटल लोब था जो औसत मस्तिष्क से 15% बड़ा था।
- आइंस्टीन की महान सफलता प्रयोगशाला के बजाय अपने सिर में किए गए दृश्य प्रयोगों से आई थी।
- आइंस्टीन एक बच्चे के रूप में एक धीमी शिक्षार्थी थे और बहुत धीरे से बात करते थे।

प्रिय पाठको! आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad
Mo. 09899655497 • Email: currentcrimenews@gmail.com • Website: www.currentcrime.com




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार • समाचार संपादक : दीपक भाटी • संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी




# एक कैलेंडर वर्ष में तीन टी20 शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने संजू सैमसन

**जोहान्सबर्ग ।** संजू सैमसन ने शुक्रवार को यहां वांडरर्स स्टेडियम में शानदार बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के चौथे मैच में अपना तीसरा टी20 शतक जड़ा। सैमसन ने महज 56 गेंदों पर नाबाद 109 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें नौ गगनचुंबी छक्के और छह चौके शामिल थे, उन्होंने कई टी20 अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां हासिल करते हुए अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया।

इस पारी के साथ, सैमसन एक कैलेंडर वर्ष में तीन शतक बनाने वाले टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास के पहले बल्लेबाज बन गए और इंग्लैंड के फिल साल्ट के बाद द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में दो शतक बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए।

सैमसन ने डरबन में सीरीज के पहले मैच में 107 रन बनाने के बाद नाबाद शतक जड़ा, जिससे भारत के सबसे गतिशील टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा और मजबूत हुई। पुरुषों के टी20 क्रिकेट इतिहास में यह पहला मौका था जब पूर्ण आईसीसी सदस्यों के बीच मैच में दो खिलाड़ियों ने एक ही पारी में शतक बनाए।

सैमसन अब केएल राहुल के दो शतकों को पीछे छोड़ते हुए किसी भारतीय द्वारा टी20 शतक (तीन) बनाने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं। केवल रोहित शर्मा (चार) और सूर्यकुमार यादव (तीन) ही इस प्रारूप में समान ऊंचाइयों तक पहुंच पाए हैं। उनका प्रदर्शन शानदार दौर में आया है, जिसमें उनके तीनों शतक उनकी पिछली पांच टी20 पारियों में आए हैं। उन्होंने श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टी20 में लगातार दो शून्य भी बनाए।

**सैमसन ने महज 56 गेंदों पर नाबाद 109 रन की शानदार पारी खेली**

सैमसन के कारनामों को तिलक वर्मा के शानदार शतक ने और भी बढ़ाया, जिन्होंने श्रृंखला में अपना लगातार दूसरा टी20 शतक बनाया। वर्मा ने केवल 50 गेंदों पर 102 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें दस छक्के और नौ चौके शामिल थे। सैमसन और वर्मा ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 210 रनों की शानदार साझेदारी की, जो आईसीसी के पूर्ण सदस्यों के बीच किसी टी20 मैच में सबसे बड़ी साझेदारी है। वर्मा भी सैमसन की सूची में शामिल हो गए, वे लगातार टी20 में शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। उनकी साझेदारी की बदौलत भारत ने सीरीज के अंतिम मैच में दक्षिण अफ्रीका के सामने 284 रनों का लक्ष्य रखा और जीत हासिल की।

# पर्थ टेस्ट से पहले मैच सिमुलेशन के दौरान चोटिल हुए गए गिल

**पर्थ ।** वाका में मैच सिमुलेशन के दूसरे दिन स्लिप में फील्डिंग के दौरान शुभमन गिल को हाथ में चोट लगने के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में भारतीय शीर्ष क्रम को लेकर असमंजस की स्थिति बढ़ती जा रही है।

गिल को बाएं हाथ में चोट लग गई जिसके बाद वह पूरे दिन फील्डिंग के लिए नहीं आए। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या यह चोट गिल को पहला टेस्ट खेलने से वंचित कर सकती है। 22 नवंबर से पहला टेस्ट मैच शुरू होना है।

गिल नंबर तीन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं लेकिन दूसरे बच्चे के जन्म के चलते रोहित शर्मा की संभावित अनुपस्थिति को देखते हुए वह भी यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत करने के दावेदार माने जा रहे हैं।



पारी की शुरूआत करने के एक अन्य दावेदार केएल राहुल को मैच सिमुलेशन के पहले दिन शॉर्ट गेंद पर कोहनी पर चोट लग गई थी। वह इसके बाद बल्लेबाजी करने नहीं आए। वहीं शनिवार को उन्होंने फील्डिंग भी नहीं की।

# नंबर-3 के लिए तिलक वर्मा पूरी तरह तैयार : सूर्यकुमार

**जोहान्सबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने टी20 मैच में लगातार दो शतक जड़े। उन्होंने नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ दी। तिलक की बल्लेबाजी की सराहना करते हुए भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने यह कहा कि वह अब 'नंबर-3' के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

तिलक वर्मा ने नाबाद 120 रनों की अविश्वसनीय पारी खेली और लगातार दो टी20 शतक लगाने वाले पांचवें खिलाड़ी बन गए। उनका पूरा साथ संजू सैमसन ने दिया, जिन्होंने नाबाद 109 रन बनाए। इन पारियों की बदौलत भारत ने 283/1 का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में मेजबान टीम 148 रन पर सिमट गई और भारत ने 3-1 से टी20 सीरीज अपने नाम की।

सूर्यकुमार ने मैच के बाद कहा, यह (तिलक को नंबर तीन पर भेजने पर) मेरे जेहन में काफी समय से चल रहा था। भारत के लिए लंबे समय तक एक खिलाड़ी ने नंबर तीन पर निरंतरता के साथ बल्लेबाजी की है और अच्छा प्रदर्शन किया है। तिलक जैसे युवा खिलाड़ी के लिए यह सही समय था और हम दोनों ने आपस में इस पर चर्चा भी की थी। जिस तरह से तिलक ने दक्षिण अफ्रीका में इस नंबर पर बल्लेबाजी की वह अविश्वसनीय है। मुझे उम्मीद है कि वह ना सिर्फ टी20 में बल्कि हर प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

सैमसन और तिलक की शानदार पारियों ने भारत के लिए टी20 अंतर्राष्ट्रीय में साल का अंत शानदार किया है, जहां उन्होंने 26 में से 24 मैच जीते और जून में टी20 विश्व कप ट्रॉफी भी जीती। लेकिन ट्रॉफी जीतने के बाद भी भारत ने दिखा दिया है कि वह भविष्य में भी टी20 फॉर्मेट में एक आक्रामक और दिग्गज टीम बनने का माद्दा रखती है।

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने टी20 मैच में लगातार दो शतक जड़े।**

तिलक ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं अपने देश के लिए लगातार दो शतक लगाऊंगा, वो भी दक्षिण अफ्रीका की चुनौतीपूर्ण स्थितियों में। मैं काफी खुश हूं और इस समय मैं इस एहसास को शब्दों में बयां नहीं कर सकता।



# इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए ओबेड मैकक्कॉय वेस्टइंडीज टीम में शामिल

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)।** वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के बाकी बचे मैचों के लिए मैथ्यू फोर्ड की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेड मैकॉय को टीम में शामिल किया है। फोर्ड को तीसरे टी20 मैच से पहले ट्रेनिंग के दौरान जांघ में खिंचाव आ गया था।

दौरे के वनडे चरण में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए फोर्ड को बुधवार को डैरेन सैमी क्रिकेट स्टेडियम में प्रशिक्षण के दौरान बाएं जांघ में चोट लग गई।

22 वर्षीय फोर्ड की मेडिकल टीम द्वारा निगरानी जारी रहेगी, क्योंकि वह पूरी तरह से ठीक होने की कोशिश कर रहे हैं।

फोर्ड को शुरू में निलंबित अल्जारी जोसेफ के कवर के रूप में लाया गया था




और वह बारबाडोस में श्रृंखला के दूसरे मैच में खेले थे। हालांकि, सेंट लूसिया में खेल के लिए उन्हें जोसेफ की जगह प्लेइंग-11 में शामिल किया गया, जहां वेस्टइंडीज को 0-3 से पिछड़ने के बाद श्रृंखला हार का सामना करना पड़ा था।

मैकक्कॉय कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के दौरान लगी चोट के कारण शुरू में अनुपलब्ध थे। वह अब खेलने के लिए वापस आ गए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने वेस्टइंडीज के लिए 38 टी20 में 49 विकेट लिए हैं। वेस्टइंडीज के लिए उनका आखिरी प्रदर्शन अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी घरेलू श्रृंखला में था।

# परिवार, जिसमें हम चार हैं, रोहित और रितिका दूसरी बार बने पेरेंट्स

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने शनिवार को अपने दूसरे बच्चे के जन्म की आधिकारिक घोषणा की है।

रोहित और रितिका ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में अपने चार सदस्यीय परिवार की एनिमेटेड तस्वीर के साथ यह खबर साझा की। तस्वीर पर कैप्शन में लिखा था, परिवार - जिसमें हम चार हैं। पोस्ट पर कैप्शन में जन्म तिथि लिखी थी-15.11.2024।

रिपोर्ट के अनुसार, टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा दूसरी बार पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने 15 नवंबर को देर रात बेटे को जन्म दिया।



इससे पहले, रोहित और रितिका की एक बेटी है जिसका नाम समायरा है, जो 30 दिसंबर को छह साल की हो जाएगी। इस जोड़े की शादी 2015 में हुई थी।

भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय स्टार सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने रोहित को उनके परिवार में एक नए सदस्य के जुड़ने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

रोहित ने अपने बच्चे के जन्म के लिए टीम इंडिया से ब्रेक लिया था। वह टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया भी नहीं पहुंचे। हालांकि, बेटे के जन्म के बाद माना जा रहा है कि वह 22 नवंबर को शुरू होने वाले पर्थ टेस्ट में खेल सकते हैं।

रोहित ने इस महीने की शुरूआत में वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से शर्मनाक हार के बाद मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि वह निजी कारणों से पर्थ टेस्ट खेल पाएंगे या नहीं, इस बारे में वह अनिश्चित हैं।

# भारत ने स्पेशल ओलंपिक एशिया पैसिफिक बोचे और बॉलिंग प्रतियोगिता के लिए टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली ।** बौद्धिक अक्षमता वाले एथलीटों के लिए खेलों को बढ़ावा देने वाले राष्ट्रीय महासंघ स्पेशल ओलंपिक भारत (एसओबी) ने 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की है जो 18 से 22 नवंबर तक त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली स्पेशल ओलंपिक एशिया पैसिफिक बोचे और बॉलिंग प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम में बोचे और बॉलिंग दोनों के लिए आठ-आठ एथलीट शामिल हैं, साथ ही आठ कोच भी हैं जो उनकी सहायता करेंगे।

पुरुषों की बोचे टीम में कबीर प्रीतम बरुआ, एबेनेजर डेविड, विल्फ्रेड डिसूजा और देवांश अग्रवाल शामिल हैं और उन्हें पी.अरुण और एस.आनंदन द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा, जबकि महिला टीम में प्रियंका, मंजुला, पूर्णिमा मदान और जी. सुभाषिनी मैदान में उतरेंगी। टीम ममता और पुष्पा त्रिपाठी के मार्गदर्शन में होगी।

भारतीय महिला गेंदबाजी टीम में



नेहा सिंह, सिमरन पुजारा, श्रद्धा पटेल और सुश्री संगीता नायक शामिल होंगी, जो इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी और उन्हें शैफाली गुप्ता और अनुपमा सिंह द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। वहीं, पुरुष टीम का प्रतिनिधित्व इभानन साहू, अंकित, प्रकाश वेघेला और निरुपम डे करेंगे। अक्षत शर्मा और इलेशभाई रावल टीम के कोच होंगे। टीम की घोषणा पर अपने विचार साझा करते हुए, एसओबी की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा, मुझे स्पेशल ओलंपिक एशिया पैसिफिक बोचे और बॉलिंग प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम की घोषणा करते हुए बेहद गर्व हो रहा है।

# रोहित शर्मा दूसरी बार बने पिता सूर्या, संजू और तिलक ने दी बधाई

**जोहान्सबग।** भारत के टी20 स्टार सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा को उनके परिवार में एक नए सदस्य के जुड़ने पर शुभकामनाएं दीं।

रोहित की पत्नी रितिका सजदेह ने बेटे को जन्म दिया है। हालांकि, इस जोड़े ने अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। बीसीसीआई की वेबसाइट को दिए इंटरव्यू पर तिलक ने कहा, ररोहित भाई, आपके लिए वास्तव में बहुत खुश हूं। हम इस पल का इंतजार कर रहे थे और अगर यह एक-दो दिन बाद होता तो मैं वहां आपके साथ होता। मैं जल्द ही आ रहा हूं।







**भारत के टी20 स्टार सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा को उनके परिवार में एक नए सदस्य के जुड़ने पर शुभकामनाएं दीं**

सैमसन ने कहा, चेता और उनके परिवार के लिए बहुत खुश हूं। अब हमें छोटे साइड आर्म और छोटे पैड के साथ तैयार रहना होगा क्योंकि नया क्रिकेटर आ गया है।

रोहित ने निजी कारणों का हवाला देते हुए बीसीसीआई से एक या दो टेस्ट मैचों के लिए समय मांगा था, जिसके बाद वे अभी तक पर्थ में अपने साथियों के साथ नहीं जुड़े हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में सलामी बल्लेबाज की भागीदारी अभी भी स्पष्ट नहीं है। जोहान्सबर्ग में भारत की शानदार जीत में तिलक ने 10 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 47 गेंदों पर नाबाद 120 रन बनाए थे, जबकि सलामी बल्लेबाज सैमसन ने 56 गेंदों पर 9 छक्कों और 6 चौकों की मदद से नाबाद 109 रन बनाकर भारत को 20 ओवरों में 283 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचाया था।

दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य के दबाव में दम तोड़ दिया और 18.2 ओवर में 148 रन पर आउट हो गए। अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिए, जबकि वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिए।

भारत ने मैच 135 रन से जीतकर इस प्रारूप में अपनी तीसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इस बीच, यह दक्षिण अफ्रीका की रनों के लिहाज से सबसे बड़ी टी20 हार थी।

भारतीय टी20 कप्तान ने कहा, हमने एक बात तय कर ली है, हम आक्रामक रहना चाहते हैं लेकिन साथ ही हमें गेम पर पूरा फोकस भी रखना होगा।

# चोट लगने से लेकर विश्व कप विजेता बनने तक पंत की चमत्कारी वापसी से मंत्रमुग्ध शास्त्री

**नई दिल्ली ।** साल 2022 और दिसंबर की आखिरी तारीख क्रिकेट फैंस कभी नहीं भूल सकते हैं। इस दिन विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत एक भयानक कार दुर्घटना का शिकार हो गए थे। ये हादसा इतना खतरनाक था कि उनकी जान बाल-बाल बची। इस लम्हे को याद कर रवि शास्त्री ने पंत को लेकर एक बड़ा बयान दिया।

अस्पताल में जख्मों से लथपथ पंत को देखना दुर्घटना की गंभीरता की याद दिलाता है। उस समय शास्त्री पंत की क्रिकेट में वापसी के बारे में नहीं सोच रहे थे। उन्हें इस बात की ज्यादा चिंता थी कि क्या क्रिकेटर कभी सामान्य जीवन जी पाएगा।

शास्त्री ने न्यूजडॉटकॉमडॉटएयू से कहा, ईमानदारी से कहूं तो अगर आपने उसे देखा होता तो आप उसके दोबारा क्रिकेट खेलने की कोई उम्मीद नहीं कर सकते थे।



पंत की दुर्घटना दिसंबर की सुबह के समय हुई जब वह अपनी कार से अपने होमटाउन रुड़की जा रहे थे। इस दौरान हाईवे पर कार एक डिवाइडर से टकराई और पलट गई। इतना ही नहीं कार पूरी तरह से आग के चपेट में आ गई थी। अंदर फंसे पंत को बाहर निकालने के लिए विंडस्क्रीन तोड़नी पड़ी और बड़ी मुश्किल से बाहर आए।

वह अपनी जान बचाने के लिए हरियाणा रोडवेज के ड्राइवर सुशील कुमार सहित अन्य लोगों का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने उन्हें इस हादसे से बचने में मदद की।

**2024 की बात करें तो पंत न सिर्फ चलने-फिरने लगे बल्कि मैदान पर भी छाए हुए हैं। उन्होंने भारतीय टीम में शानदार वापसी की है, विश्व कप जीतने में अहम योगदान दिया है और टेस्ट टीम में खुद को एक अहम खिलाड़ी के तौर पर फिर से स्थापित किया है**

2024 की बात करें तो पंत न सिर्फ चलने-फिरने लगे बल्कि मैदान पर भी छाए हुए हैं। उन्होंने भारतीय टीम में शानदार वापसी की है, विश्व कप जीतने में अहम योगदान दिया है और टेस्ट टीम में खुद को एक अहम खिलाड़ी के तौर पर फिर से स्थापित किया है। शास्त्री ने कहा, बस ठीक होकर क्रिकेट खेलना एक चमत्कार था। फिर विश्व कप जीतने वाली टीम में खेलना और टेस्ट टीम का हिस्सा बनना वाकई एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

शास्त्री ने पंत की लगातार मेहनत और खेल के प्रति नए सम्मान को उनकी रिकवरी में अहम कारक बताया। २२२२उन्होंने कहा, जब आप उनसे अब बात करते हैं, तो खेल के प्रति उनका सम्मान और भी बढ़ जाता है। मैंने पिछले कुछ महीनों में उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए सही आकार में आने के लिए वाकई बहुत मेहनत करते देखा है। २ऑस्ट्रेलिया, एक ऐसा देश है जहां पंत ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। 2021 में गाबा में पंत की यादगार नाबाद 89 रन की पारी ने ऑस्ट्रेलिया के इस मैदान पर 32 साल के अपराजित अभियान को समाप्त कर दिया।

## न्यूज डायरी

### गुरु नानक देव का जीवन व शिक्षा प्रेरणा का स्रोत- सांसद डॉ राजकुमार सांगवान



**मोदीनगर करंट क्राइम।** गुरु नानक देव जी का जीवन और शिक्षाएं सभी के लिए प्रेरणा का एक स्थायी स्रोत हैं और मानवता के मार्ग का मार्गदर्शन करती रहती हैं। भाईचारे, प्रेम, सच्चाई और बलिदान की उनकी शिक्षाएं हमें एक धार्मिक जीवन जीने और एकता के बंधन को मजबूत करने के लिए प्रेरित करती हैं। उक्त उद्गार बागपत-मोदीनगर लोकसभा के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान नेएक कार्यक्रम में व्यक्त किये। सांसद यहाँ कस्बा रोड स्थित हरि मंदिर में प्रकाश पर्व पर मंदिर की कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कमेटी के अध्यक्ष राजीव जेटली, सुनील चावला, राजकुमार खुराना, इंदू मदान, पवन कुमार आदि की ओर से सांसद, विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, पालिका के पूर्व चेयरमैन रामआसरे शर्मा व इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चेयरमैन राज ढींगरा का कृपाण व शॉल भेटकर अभिनंदन किया गया। विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, पूर्व चेयरमेन रामआसरे शर्मा ने मंदिर पर माथा टेका ओर शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होने गुरु नानक देव जी के जन्म के प्रतीक गुरु पर्व के शुभ अवसर पर पंजाबी संगठन के लोगों व विशेषकर सिख भाइयों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संजीव चैधरी, नीलम कुमारी, पालिका सभासद मोनू धामा, मंदिर के पुजारी चंदा व सूरज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### महिला के साथ छेड़छाड

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक महिला ने पड़ोसी पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक महिला परिवार सहित रहती है। महिला का कहना है कि मेरा पति व पुत्र बाहर नौकरी करते हैं और घर पर मै और मेरी पुत्रवधु रहती है। आरोप है कि प्रथम तल पर रहने वाला विनोद त्यागी आए दिन अश्लील हरकत करता रहता है। 10 नम्वबर को आरोपी ने अश्लीलता करने का विरोध करने पर मारपीट की और अपने कपड़े उतारकर पूरी तरह से नग्न हो गया। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने विनोद त्यागी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### महिलाओं व उनकी पुत्रियों के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज, आरोपी की तलाश जारी



**मोदीनगर करंट क्राइम।** गाली देने का विरोध करना दो महिलाओं व उनकी पुत्रियों को महंगा पड़ा। आरोपी ने लाठी डंडे लेकर महिलाओं व उनकी पुत्रियों के साथ जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। भीड़ आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले। निवाड़ी थानान्तर्गत गांव एमपी सिखैड़ा निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है किग बीती रात्रि उसकी पत्नि पूनम, पुत्री आरूषि व भाभी सुनीता जब घर पर मौजूद थी, तभी गांव का मुकेश उर्फ मोनी नाम का एक युवक गली में खडा होकर गाली गलौच दे रहा था। जब उसकी पत्नि ने गाली देने से मना किया तो आरोपी ने पहले उसे लाठी डंडों से पीटा। बीच बचाव में आई उसकी पुत्री आरूषि व भाभी सुनीता पर भी हमला कर उसे घायल कर दिया। तीनों का शोर सुन ग्रामीण एकत्र होकर घटनास्थल पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुयें फरार हो गया। पुलिस ने गंभीर धाराओ में मामला दर्ज किया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### मुरादनगर में पशु व्यापारियों को बंधक बनाकर 3 भैंस लूटी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद के मुरादनगर थाना क्षेत्र में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर बदमाशों ने तमंचे के बल पर कैंटर सवार तीन लोगों को बंधक बनाकर तीन भैंस लूट ली। ये घटना मिल्क चाकरपुर के गांव की है। लूट के बाद बदमाश भैसों को दूसरी गाड़ी में ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। हरियाणा के गुरुग्राम के थाना पटोटी निवासी हाकमीन पशुओं के क्रय विक्रय का काम करते है। वह कैंटर गाड़ी से रात को तीन भैस मेरठ की अठसैनी पैंठ में बेचने के लिए ले जा रहे थे। गाड़ी में हाकमीन, उनके भाई व चालक मौजूद थे। जब वह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर गांव मिल्क चाकरपुर के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही एक गाड़ी ने ओवरटेक कर कैंटर गाड़ी को रोक लिया। इसके बाद गाड़ी से उतरे चार लोगों ने हाकमीन ,उनके भाई व चालक को नीचे उतार दिया और तमंचे के बल पर बंधक बनाकर सड़क किनारे बैठा दिया। इसके बाद तीनों के हाथ पैर बांधकर एक्सप्रेसवे से नीचे उतारकर झाड़ियों में फेंक दिया। तीन घंटे बाद किसी तरह बंधक मुक्त होकर तीन जब एक्सप्रेस वे पर आए तो उनकी गाड़ी तो खड़ी थी ,लेकिन तीन भैंस गायब थी। हाकमीन ने बताया कि बदमाश तीन भैंस लूटकर ले गए, जिनकी कीमत दो लाख रुपए से अधिक थी। व्यापारी ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी।




### सुपर अलर्ट मोड में रही कमिश्नरेट पुलिस

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में शनिवार को पुलिस की अलर्टनेस वाला ऐसा सीन देखने को मिला जो पहले कम देखा जाता था। खुद पुलिस के शीर्ष स्तर के अधिकारियों से लेकर उन खास एसीपी स्तर और पूर्व में और वर्तमान में खास कार्यालय से जुड़े रहने वाले टू- और थ्री-स्टार तैनात किए गए थे। जिसमें कोई सादे कपड़ों में था, तो कोई वर्दी में था, रोड शो के दौरान कोई भी ऐसा बॉक्स नहीं था, जिसमें थ्री-स्टार और बड़ी संख्या में टू-स्टारों की तैनाती न हो। साथ ही लोकल इंटेलीजेंस वालों से लेकर अंडर ट्रेनिंग टू-स्टार भी बड़ी संख्या में रोड शो के दौरान चप्पे-चप्पे पर नजर आए। रोड शो में ट्रैफिक से लेकर सिक्योरिटी तक का प्लान इस बार बेहद शानदार नजर आया है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि खुद बड़े साहब ने कई बार पूरे रोड शो वाले मार्ग पर पैदल मार्च और लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर उन्हें फटकार लगाने का भी काम किया था। इस दौरान देहात वाले एक खास एसीपी को विशेष हिदायत दी गई, तो वह एक नदिया से एसीपी को भी कुछ समझते देखे गए हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी अधिकारियों ने राहत वाली सांस ली है कि शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रोड शो शांतिपूर्वक और बेहतर मैनेजमेंट के बीच संपन्न हुआ है। सूत्र बताते हैं कि कमिश्नरेट के कई अधिकारी तीन दिनों से रातों की नींद भुलाकर रोड शो के मार्ग पर मेहनत कर रहे थे। तो वहीं कमिश्नरेट के तीनों जोन की पुलिस मुख्यमंत्री वाले रोड शो के दौरान एक्टिव वाले मोड में भी नजर आई है। यातायात वाले वह खास फेस शनिवार को भी रेस में सबसे आगे थे, जो सीधे कनेक्शन वाला मामला रखते हैं। तो वही एक एसीपी ऐसे थे, जो गुड वर्किंग वाली लिस्ट में टॉप थ्री-में बने हुए हैं, वह शनिवार वाले रोड शो में नजर नहीं आए, पर उन्होंने दिन वाला मामला इतना बेहतर संभाल है कि सब कुछ वहां भी ऑल इज वेल की स्थिति के साथ समाप्त हुआ है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस ने सुपर अलर्ट मोड को अपनाया और पूरा कार्यक्रम सफल रहा है। इसके साथ ही गलियों से लेकर छतों और बैरिकेडिंग के दोनों ओर की कमान भी बेहतर ढंग से संभालते देखा गया है। वही पार्किंग वाला मैनेजमेंट भी बेस्ट रहा, लोगों को पैदल कम चलना पड़ा और वाहनों का अधिक दबाव नहीं हुआ, जिससे जाम की स्थिति भी नहीं बनी। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मुख्यमंत्री का एक और कार्यक्रम बेहतर अंदाज में समाप्त हुआ।



# मुख्यमंत्री के रोड-शो में उत्साह से लबरेज नजर आये भाजपाई



गाजियाबाद, करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गाजियाबाद में भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा के पक्ष में रोड शो करने के लिए आये। इस दौरान गाजियाबाद के भाजपाई पूरी तरह से उत्साह से लबरेज नजर आये। रोड शो के दौरान भाजपा नेताओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा के चुनाव प्रचार में भाजपा के युवा नेताओं से लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और सभी कार्यकर्ता एक जुट दिखाई दिये। रोड शो में भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था।

## हापुड़ में लाल सूटकेस में मिला युवती का शव

### पूरे चेहरे पर चोट के निशान; हाथ-पैर तोड़कर गठरी में बांधकर रखा

**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड़ में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर लाल सूटकेस में एक युवती का शव मिला है। शव 2-3 दिन पुराना बताया जा रहा है। युवती की उम्र 30 - 32 साल के आसपास है, हाथ-पैर टूटा हुआ है। चेहरे पर गंभीर चोट के निशान हैं। जिससे पहचान नहीं हो पा रही है।

मामला निजामपुर बाइपास के सदर कोतवाली क्षेत्र का है। बाइपास से गुजर रहे लोगों ने सड़क किनारे पड़ा सूटकेस देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सूटकेस खोला तो तेज बदबू आई। सूटकेस के अंदर से गठरी में बंधा युवती का शव निकला।

सदर कोतवाली सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि हमें सूचना मिली की सड़क के किनारे लाल सूटकेस पड़ा हुआ है। पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचा। सूटकेस को खोला तो उसमें गठरी में कुछ बंधा था। तेज बदबू आ रही थी। गठरी खोली गई तो उसमें से युवती का शव निकला।



#### युवती का हाथ-पैर तोड़कर सूटकेस में भरा

युवती ने यलो-व्हाइट प्रिंट का पायजामा और ब्लैक कलर का टॉप पहन रखा है। महिला के हाथ-पैर भी टूटे हैं। नीले रंग के चादर में उसे लपेटा गया था। सूटकेस के अंदर युवती के 2-3 लोवर और टी-शर्ट भी रखे हुए थे। पुलिस के अनुसार शव कल देर रात या फिर आज सुबह ही फेंका गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

एएसपी विनीत भटनागर ने बताया, युवती की उम्र 30 से 32 साल के करीब है। चेहरा खराब होने की वजह से उसकी शिनाख्त करना थोड़ा मुश्किल हो रहा है। आसपास की सीसीटीवी चेक की जा रही है। लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## नोएडा पुलिस की दो बदमाशों से मुठभेड़

### एक को लगी गोली, दूसरे को कांबिंग के बाद किया गिरफ्तार, 22 से ज्यादा मुकदमे दर्ज

**नोएडा, करंट क्राइम।** पुलिस की दो बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। एक बदमाश के पैर में गोली लगी। दूसरे को कांबिंग के बाद गिरफ्तार किया गया। ये दोनों मिलकर राह चलते लोगों से लूटपाट करते थे। डराने के लिए तमंचा अपने साथ रखते थे। लेकिन पुलिस से अपने को घिराता देखकर इन्होंने पुलिस पर फायर कर दिया।



थाना सेक्टर-24 स्थित सेक्टर-33 नाले की पुलिया पर बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही थी। एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आरटीओ अंडर पास की तरफ से आते हुए दिखाई दिए। जिनको रुकने का इशारा किया तो पुलिस वालों को देखकर पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगे। जिसमें उनकी मोटरसाइकिल डिस्बैलेंस होकर बैरियर पर टकराकर वहीं गिर गई। जिनमें से एक व्यक्ति अवैध तमंचे से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगा।

#### जवाबी कार्यवाही में घायल बदमाश

पुलिस द्वारा आत्म रक्षार्थ फायरिंग की कार्रवाई की गई। जिसमे एक बदमाश अर्जुन पुत्र राजेन्द्र निवासी कल्याणपुरी, दिल्ली, उम्र करीब 36 साल पैर में गोली लगने से घायल हो गया। गिरफ्तार घायल बदमाश से एक तमंचा .315 बोर 01 खोखा कारतूस .315 बोर व 01 जिंदा कारतूस .315 बोर, चोरी की गई एक मोटरसाइकिल स्पैलंडर बरामद हुई।

घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल सेक्टर 39 नोएडा रवाना किया गया। काम्बिंग के दौरान घायल के साथी देव सिंह उर्फ अन्ना पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी कल्याणपुरी दिल्ली को गिरफ्तार किया गया। बदमाश की उम्र करीब 22 साल है। पकड़े गए बदमाश अर्जुन पर 16 से ज्यादा मुकदमे और देव सिंह पर 6 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है।

# पीएम नरेंद्र मोदी नाइजीरिया के दौरे पर

## 17 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की हो रही यात्रा

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नाइजीरिया के लिए रवाना हो गए हैं। प्रधानमंत्री नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए हैं। इसी के साथ उनके तीन देशों के विदेश दौरे की शुरूआत हो गई है। दरअसल, पीएम मोदी 16-17 नवंबर को नाइजीरिया के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी नाइजीरिया की यात्रा के बाद ब्राजील पहुंचेंगे। जहां पीएम जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वे गुयाना के दौरे पर रहेंगे।

**नाइजीरियाई राष्ट्रपति के निमंत्रण पर जा रहे नाइजीरिया** : वे नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर पीएम मोदी नाइजीरिया का दौरा कर रहे हैं। हाल ही में विदेश मंत्रालय ने उनके दौरे के बारे में जानकारी दी थी। आर्थिक संबंध सचिव दम्मू रवि ने एक बयान में कहा कि भारत की ओर से यह यात्रा 17 साल के अंतराल के बाद हो रही है।



नाइजीरिया में 17 साल के बाद पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी की नाइजीरिया यात्रा कई मायनों में खास है क्योंकि 17 साल के बाद पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री इस अफ्रीकी देश के दौरे पर आ रहा है। इससे पहले, अक्तूबर 2007 में मनमोहन सिंह ने नाइजीरिया की यात्रा की थी। इस दौरान दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी स्थापित हुई थी।

### ब्राजील और गुयाना का भी करेंगे दौरा

नाइजीरिया के बाद पीएम मोदी 8-19 नवंबर को ब्राजील पहुंचेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी 19-21 नवंबर तक दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। पीएम मोदी की गुयाना यात्रा इस मायने में खास है क्योंकि किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 1968 के बाद यह पहली यात्रा होगी।


### कल होगा राष्ट्रपति विला में स्वागत

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में 17 नवंबर को राष्ट्रपति विला में उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वह राष्ट्रपति टीनूबू के साथ अकेले में बैठक करेंगे और फिर प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों और इसके सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी।

रूस में ब्रिक्स की बैठक के एक महीने से भी कम अंतराल के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दोबारा मुलाकात ब्राजील में हो सकती है। दोनों नेता जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर एक और बैठक कर सकते हैं। सरकारी सूत्रों का कहना है कि दोनों ही ओर से शिखर सम्मेलन के इतर मुलाकात की संभावना तलाशी जा रही है। बाइडन से भी मिलेंगे मोदी जी-20 सम्मेलन के इतर मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से भी मुलाकात होगी। चूंकि अमेरिका में सत्ता परिवर्तन हुआ है ।

# वाकई इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में आई दरारें 50 लीकेज से खतरे में सुनीता विलियम्स समेत कई अंतरिक्षयात्री

**वॉशिगटन ।** इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में पिछले पांच वर्षों से हल्का लीकेज जारी था, इसे लेकर अब नासा चिंता में आ गया है। उन्हें कम से कम 50 जगहों पर लीकेज होने की जानकारी मिली। इसके साथ ही आईएसएस में दरारें भी हैं। नासा की एक रिपोर्ट लीक होने के बाद आईएसएस पर खतरा मंडराने का खुलासा हुआ। इसके साथ ही सुनीता विलियम्स समेत अन्य अंतरिक्षयात्रियों की जान पर भी खतरा मंडराने लगा है। रूस की तरफ से आईएसएस में माइक्रो वाइब्रेशन का भी दावा किया गया है। नासा ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि स्पेस स्टेशन में बड़ी मात्रा में हवा निकल रही है और यहां लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है।



### यवेज्दा मॉड्यूल से शुरू हुई थी लीकेज

बता दें कि स्पेस स्टेशन पर मौजूद यवेज्दा मॉड्यूल से सबसे पहले लीकेज शुरू हुई थी। यह डॉकिंग पोर्ट तक जाने के लिए एक सुरंग है। इसका कंट्रोल रूप के पास है। इस लीकेज की वजह क्या है, इसे लेकर नासा और रूसी एजेंसी रॉसकोमोस के बीच सहमति नहीं बन पाई है। नासा के अंतरिक्षयात्री बॉब कैबाना ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में लीकेज को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि लीकेज को रोकने के लिए ऑपरेशन चलाने से कुछ समय के लिए राहत मिल सकता है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। अमेरिका ने इसे असुरक्षित बताया है।

सबसे पहले लीकेज का पता 2019 में चला था। इसके बाद अप्रैल 2024 से रोज 1.7 किलो हवा लीक होने लगी है। आईएसएस में कम से कम सात से 10 अंतरिक्षयात्री रहते हैं। हालांकि, रूसी इंजीनियरों के माइक्रो वाइब्रेशन का दावा करने के बाद इस खतरे का समाधान निकालने के लिए नासा ने कदम उठाया है। यहां मौजूद अंतरिक्षयात्रियों को भी सावधान रहने की सलाह दी गई है। रूसी टीम भी इसके समाधान पर काम कर रही है।

# खालिस्तानी चरमपंथियों ने अब कनाडा के लोगों को बनाया निशाना, कहा- यूके और यूरोप वापस जाओ

**नई दिल्ली ।** खालिस्तान समर्थक और अलगाववादी, जो पहले भारत को निशाना बना रहे थे, अब कनाडा के सफेद (श्वेत) नागरिकों को अपना नया दुश्मन मान रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक कथित खालिस्तान समर्थक कनाडा के नागरिकों को 'आक्रमणकारी कहता है और उन्हें इंग्लैंड और यूरोप वापस जाने के लिए कह रहा है।



### जुलूस के दौरान शूट किया गया वीडियो

माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर दो मिनट के वीडियो को कथित तौर पर कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरे इलाके में एक 'नगर कीर्तन' जुलूस के दौरान शूट किया गया था। इस वीडियो में दिखाया गया है कि कई लोग जुलूस में आगे बढ़ रहे हैं, जबकि पीछे से कोई गाना बज रहा हैं। इस दौरान कुछ लोगों को खालिस्तान के तथाकथित झंडे लहराते हुए भी देखा जा सकता है। वहीं इस वीडियो को बनाने वाले शख्स ने 'लाइक्स और शेयर' की मांग करने के साथ ही भड़काऊ नारे भी लगा रहा है। उसे वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है, 'सफेद लोग आक्रमणकारी हैं' और 'हम कनाडा के असली मालिक हैं'। इसके बाद वह सफेद कनाडाई नागरिकों से 'इंग्लैंड और यूरोप वापस जाने' की बात कर रहा है।

### एक्स पर वायरल हो रहा है वीडियो

वह आगे कहता है, यह कनाडा हमारा देश है। आप वापस जाओ। इस जुलूस का वीडियो एक्स (पहले ट्विटर) पर डेनियल बोर्डमैन नाम के एक यूजर ने पोस्ट किया। जिसके साथ उन्होंने लिखा- 'खालिस्तानी सरे, में मार्च करते हुए दावा करते हैं कि 'हम कनाडा के मालिक हैं' और 'सफेद लोगों को यूरोप और इस्राइल वापस जाना चाहिए। हम इन मूर्खों को अपनी विदेश नीति तय करने की अनुमति कैसे दे रहे हैं?

**भारत-कनाडा तनाव के बीच आया वीडियो** : यह वीडियो भारत और कनाडा के बीच बढ़े हुए तनाव के बीच सामने आया है। पिछले साल सितंबर में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तरफ से खालिस्तान आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की 'संभावित संलिप्तता' के आरोपों के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव आ गए हैं। वहीं भारत ने ट्रूडो के आरोपों को 'बेतुका' बताते हुए खारिज कर दिया था।

# ट्रंप की जीत से फंसा यूरोप, एलन मस्क को नाराज करना पड़ सकता है भारी

**वॉशिगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत से जिस शख्स को शायद कहें कि सबसे ज्यादा फायदा होने जा रहा है तो वो एलन मस्क हो सकते हैं। दरअसल एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी एक्स यूरोप में तकनीकी नियामकों के साथ विवाद में फंसी हुई है और आशंका है कि यूरोप एक्स पर अरबो डॉलर का जुमार्ना लगा सकती है, लेकिन अब ट्रंप की जीत के बाद पूरे समीकरण बदल गए हैं। मस्क, ट्रंप के बहुत करीबी हैं और उनकी जीत में मस्क की अहम भूमिका रही। यही वजह है कि मस्क को नाराज करने का मतलब ट्रंप को नाराज करना हो सकता है और अभी यूरोप नहीं चाहेगा कि सत्ता संभालने से पहले ही ट्रंप के साथ तनातनी की जाए।



दरअसल एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी एक्स पर यूरोप के डिजिटल सर्विस एक्ट (ऊअ) के तहत भ्रामक कंटेंट को बढ़ावा देने और यूजर्स को भ्रम में डालने के आरोप लगे हैं। साथ ही एक्स पर विज्ञापनों में पार्दर्शिता न रखने और रिसर्चर्स को प्लेटफॉर्म के डाटा तक पहुंच न देने के गंभीर आरोप हैं। डीएसए की जांच में भी पाया गया है। (कि एक्स द्वारा गैरकानूनी कंटेंट को फैलाया गया और कंटेंट को तोड़-मरोड़कर यूजर्स के सामने पेश किया गया। यूरोपीय देश तकनीकी नियामक के नियमों को बेहद गंभीरता से लेते हैं। डीएसए की जांच पूरी हो चुकी है और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डीएसए अब जल्द ही एक्स पर भारी भरकम जुमार्ने का फैसला सुनाने वाला था, लेकिन अब ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद हालात पूरी तरह से बदल गए हैं।

# खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला को भारत प्रत्यर्पित करेगा कनाडा, जानिए क्या बोलीं विदेश मंत्री मेलोनी जॉली

**ओटावा ।** कनाडा में गिरफ्तार खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला के भारत प्रत्यर्पण को लेकर जब कनाडा की विदेश मंत्री मेलोनी जॉली से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि उनके पास अर्श डल्ला के भारत प्रत्यर्पण की मांग को लेकर कोई जानकारी नहीं है। गौरतलब है कि खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला भारत में वांछित है और हाल ही में उसे कनाडा की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अर्श डल्ला की गिरफ्तारी के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि खालिस्तानी आतंकी के भारत प्रत्यर्पण की मांग की जाएगी।



### क्या बोलीं कनाडा की विदेश मंत्री

जब भारत की इस मांग को लेकर कनाडा की विदेश मंत्री मेलोनी जॉली से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि 'अभी इस मामले की जांच चल रही है, इसलिए मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगी। अगर भारतीय राजनयिकों की तरफ से कोई जानकारी मांगी जाती है तो हम उनसे बात करेंगे। हालांकि जिस मामले के बारे में पूछा जा रहा है, उसके बारे में मेरे पास फिलहाल कोई विशेष जानकारी नहीं है, लेकिन हम विदेश मंत्रालय के स्तर पर बातचीत जारी रखेंगे।'

### भारत में वांछित आतंकी है अर्श डल्ला

अर्श डल्ला को बीती 28 अक्तूबर को कनाडा में गोलीबारी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। अर्श डल्ला भारत में भगोड़ा घोषित है और उस पर हत्या, हत्या के प्रयास, वसूली, आतंकी वारदात को अंजाम देने जैसे 50 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। अर्श डल्ला पर आतंकवाद को वित्तपोषित करने का भी मामला चल रहा है। मई 2022 में डल्ला के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। साल 2023 में अर्श डल्ला को भारत में आतंकी घोषित किया गया। भारत सरकार ने पूर्व भी कनाडा की सरकार से उसके प्रत्यर्पण की मांग की थी। भारत कनाडा के बीच चल रहा तनाव अर्श डल्ला का मामला ऐसे समय सामने आया है, जब भारत और कनाडा के रिश्तों में खटास चल रही है। दोनों देशों ने अपने-अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया था। बीते दिनों कनाडा में हिंदू मंदिर पर खालिस्तानी चरमपंथियों ने हमला किया था, जिसकी प्रधानमंत्री मोदी ने भी कड़ी आलोचना की थी।

# इस्राइल से जुड़े उत्पादों का बहिष्कार, स्थानीय सोडा का उपयोग कर रहे फलस्तीनी, चैट कोला की बढ़ी मांग

**नई दिल्ली ।** पश्चिमी तट (वेस्ट बैंक) के बंजर पहाड़ियों के बीच खड़े लाल बॉक्स के कारखाने में, चैट कोला के कर्मचारी स्थानीय उत्पादों की मांग पूरी करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। यह मांग पिछले साल गाजा युद्ध के शुरू होने के बाद बढ़ गई है। चैट कोला, जो कोका-कोला के मशहूर लाल और सफेद डिब्बों की पैकेजिंग जैसी दिखती है, ने उन फलस्तीनियों का ध्यान खींचा है, जो इस्राइल का समर्थन करने वाले ब्रांड्स को छोड़ना चाहते हैं।




### चैट कोला की लोकप्रियता काफी तेजी से बढ़ी

फलस्तीन में चैट कोला की लोकप्रियता काफी तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि इस्राइल से युद्ध शुरू होने के बाद से स्थानीय लोगों ने इस्राइल से जुड़े उत्पादों का बड़े पैमाने पर बहिष्कार करना शुरू दिया है। चैट कोला एक गुणवत्तापूर्ण फलस्तीनी विकल्प है। इसके निमार्ता, फाहद अरार, का कहना है कि युद्ध शुरू होने के बाद इसकी मांग तेजी से बढ़ी है। रामल्लाह और अन्य शहरों में दुकानों और रेस्तरां में विदेशी ब्रांड्स की जगह लोकल प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता दी जा रही है।

**इस्राइली उत्पादों पर निर्भर फलस्तीनी अर्थव्यवस्था हालांकि, फलस्तीनी अर्थव्यवस्था इस्राइली उत्पादों पर बहुत हद तक निर्भर है, जिससे बड़े पैमाने पर बहिष्कार करना कठिन है। फिर भी, लोगों की स्थानीय उत्पादों को खरीदने की रुचि बढ़ रही है, खासकर अगर वे अच्छी गुणवत्ता और उचित कीमत पर उपलब्ध हों**

### इस्राइली उत्पादों पर निर्भर फलस्तीनी अर्थव्यवस्था

हालांकि, फलस्तीनी अर्थव्यवस्था इस्राइली उत्पादों पर बहुत हद तक निर्भर है, जिससे बड़े पैमाने पर बहिष्कार करना कठिन है। फिर भी, लोगों की स्थानीय उत्पादों को खरीदने की रुचि बढ़ रही है, खासकर अगर वे अच्छी गुणवत्ता और उचित कीमत पर उपलब्ध हों। चैट कोला के उत्पादन में कुछ चुनौतियां भी हैं, जैसे कच्चे माल की कमी क्योंकि इस्राइली सीमा पर इसे रोक दिया गया।

लेकिन फिलिस्तीनी स्वाद के रूप में इसकी पहचान मजबूत हो रही है, और इसे क्षेत्रीय बाजारों तक पहुंचाने की भी योजना है।

स्थानीय उत्पादों की बढ़ती मांग रामल्लाह शहर के एक रेस्टोरेंट मालिक जूलियन ने कहा कि उन्होंने कोका-कोला के ब्रांड वाले फ्रिज को चैट कोला से भर दिया है।

# 26 अक्तूबर के इस्राइली हमले में तबाह हुआ ईरान का परमाणु केंद्र

**तेल अवीव ।** इस्राइल द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमले को कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब इस हमले को लेकर चौंकाने वाला दावा किया गया है। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इस्राइली हवाई हमले में ईरान के खुफिया परमाणु केंद्र तबाह हुआ है। इससे ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बड़ा झटका लगा है।



### ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लगा बड़ा झटका

मीडिया रिपोर्ट्स में अमेरिका के तीन और इस्राइल के दो शीर्ष अधिकारियों के हवाले से यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस्राइली हवाई हमले में ईरान का एक सक्रिय परमाणु विकास केंद्र तबाह हुआ है। यह परमाणु केंद्र ईरान के पारचिन इलाके में स्थित था। ईरान द्वारा लगातार अपने परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन अगर रिपोर्ट्स में किया गया दावा सही है तो फिर यह ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है।

इस्राइली सेना ने हवाई हमले में ईरानी सेना के एक परिसर को निशाना बनाया था। इस परिसर में कथित तौर पर ईरान द्वारा सैन्य उद्देश्य से परमाणु कार्यक्रम चलाया जा रहा था। हालांकि यह कार्यक्रम खुफिया तौर पर संचालित हो रहा था क्योंकि ईरान की सरकार इसे नागरिक परमाणु केंद्र के तौर पर दशार्या था।

### 26 अक्तूबर को इस्राइल ने किया था ईरान पर हवाई हमला

उल्लेखनीय है कि ईरान के हमले के जवाब में इस्राइली सेना ने बीती 26 अक्तूबर को ईरान पर हवाई हमला किया था। इस हमले में ईरान को भारी नुकसान हुआ और उसका अंतरिक्ष केंद्र भी तबाह हुआ था। इस्राइली हवाई हमले में चार ईरानी सैनिकों की मौत होने का दावा किया गया था।

# पाकिस्तान में स्मॉग को स्वास्थ्य संकट किया गया घोषित, कई शहरों में कराई जा रही कृत्रिम बारिश

लाहौर । पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने शुक्रवार को स्मॉग को स्वास्थ्य संकट (हेल्थ क्राइसिस) घोषित कर दिया है। इसके खतरनाक स्तर से निपटने के प्रयास में प्रांत भर के कई शहरों में कृत्रिम बारिश कराई गई।

लाहौर में जहरीली धुंध के चलते लाखों लोग सांस संबंधित संक्रमण से जूझ रहे हैं।

यह दूसरी बार है, जब पंजाब सरकार ने कृत्रिम बारिश का इस्तेमाल किया है। पिछले साल भी पंजाब सरकार ने कृत्रिम बारिश कराई थी। पंजाब सरकार ने देर शाम बयान जारी कहा कि पंजाब के झेलम, चकवाल और गुजर खान शहरों में क्लाउड सीडिंग प्रयोग से कृत्रिम बारिश कराई गई। लाहौर-मुल्तान में लॉकडाउन जहरीली हव के मद्देनजर लाहौर और मुल्तान में पूरी तरह से लॉकडाउन लगा दिया गया है।

यह प्रतिबंध शुक्रवार से ही लागू हो गए हैं। लॉकडाउन रविवार तक जारी रहेगा। लाहौर और देश के कई अन्य हिस्सों में लोग सांस संबंधी समस्याओं के शिकार पाकिस्तान के लाहौर और अन्य हिस्सों में जहरीली धुंध (स्मॉग) की चपेट में हैं। इसने नया स्वास्थ्य संकट पैदा कर दिया है। एक स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते चौबीस घंटों के भीतर ही 15 हजार से ज्यादा लोग सांस संबंधी और वायरल संक्रमणों के शिकार हुए हैं।




### लाहौर के प्रमुख अस्पताल मरीजों से भर

'एआरवाई न्यूज' के मुताबिक, लाहौर के अस्पताल सूखी खांसी, सांस लेने में दिक्कतें, निमोनिया और छाती के संक्रमण से पीड़ित मरीजों से भरे पड़े हैं। प्रमुख अस्पतालों में मरीजों की संख्या काफी अधिक है। जैसे मेयो अस्पताल में चार हजार से अधिक, जिन्ना अस्पताल में 3500, गंगाराम अस्पताल में तीन हजार और बच्चों के अस्पताल में दो हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचे हैं।

पाकिस्तान के डॉक्टर अशरफ जिया ने कहा, बच्चों और अस्थमा और दिल की बीमारी से पहले पीड़ित मरीजों के लिए यह धुंध ज्यादा खतरनाक हो सकती है। खासतौर पर बच्चों पर इसरका बहुत गंभीर असर पड़ रहा है। जहरीली धुंध के कारण विभिन्न वायरल बीमारियों में इजाफा है, जैसे कि निमोनिया और त्वचा संबंधी रोग। लाहौर में इस समय दस से अधिक वायरल बीमारियां फैल चुकी हैं।

सरकार ने शादी-विवाह पर लगाए प्रतिबंध सरकार जहरीली धुंध के इस संकट से निपटने के लिए कई कदम उठा रही है। इनमें शादी-विवाह पर तीन महीने का प्रतिबंध, परिवहन विभाग की ओर से नए दिशानिर्देश जारी करना और पंजाब प्रांत में स्कूल और कॉलेजों को बंद करना शामिल है। नासा ने भी इस जहरीली धुंध की तस्वीर को साझा किया है, जिसमें उत्तरी पाकिस्तान के ऊपर एक मोटी धुंध की परत दिखाई दे रही है। नासा के मीडियम रिजॉल्यूशन इमेजिंग स्पेक्ट्रोडियोमीटर (एमओडीआईएस) के मुताबिक, इस धुंध ने पाकिस्तान के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है ।

